मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-12, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 232 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

06 फरवरी 2024 मंगलवार

आज का मौसम

28 अधिकतम

15 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

सीएम ने प्रभारी मंत्री को हरदा भेजा, बड़ी जन-धन हानि की आशंका

## हरदा की टनों बारूध भरी फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, अफरातफरी



**भोपाल एम्स भी तैयार:** भोपाल और इंदौर के मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ एम्स भोपाल में बर्न यूनिट को आवश्यक तैयारी करने को कहा है। साथ ही इंदौर और भोपाल से फायर ब्रिगेड की दमकलों को भेजा जा रहा है। राहत कार्यों के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

**हरदा , दोपहर मेट्रो।**

आज सुबयहां मगरधा रोड पर स्थित एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में आतिशबाजी के लिए रखे बारूद के संपर्क में आकर आग ने जल्द ही विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के 50 से ज्यादा घरों में आग लगी है। इसकी वजह से क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल हो गया और लोग इधर-उधर भागते नजर आ रहे हैं। बताते हैं यह मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी पटाखा फैक्ट्री है इसमें टनों बारूद रहता है। अब तक सात मौत 100 के घायल होने की खबर है।

फैक्ट्री से उठतीं आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से देखा गया। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर पहुंची। आग का कारण फिलहाल अज्ञात है। बताया जाता है कि फैक्ट्री में विस्फोट के वक्त 250 से ज्यादा मजदूर अंदर काम कर रहे थे। इस हादसे में कई लोगों के हताहत होने की आशंका है। घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा जा रहा है वहीं हरदा में हुए भीषण हादसे का मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने संज्ञान लिया। उन्होंने प्रशासन के आला अधिकारियों से घटना के बारे में जानकारी ली। सीएम के निर्देश पर मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर हरदा रवाना हो गए हैं। हरदा में प्रशासन ने इंटरनेट बंद कर दिया है। घायलों को बचाने के लिए स्कूल की बसें भेजी गई हैं। होशंगाबाद से एम्बुलेंस भी पहुंची हैं। तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौके पर है तथा एनडीआरएफ की टीम भी बुलाई गई हैं। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैली हुई है और लोग बदहवास होकर फैक्ट्री में मौजूद अपने परिजनों के लिए भटक रहे है। इधर भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव इस मामले पर अधिकारियों के साथ आपात बैठक कर रहें है तथा सभी जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए गए है।

यादव कैबिनेट की बैठक : आदिवासी इलाकों में सक्रिय होगा आयुष विभाग

## खजाना भरने आबकारी शुल्क में 15% इजाफा, विवि में अब कुलगुरू



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र की मोहन यादव सरकार आगामी वित्त वर्ष में आबकारी नीति में बड़ा परिवर्तन कर रही है। इसमें 15 फीसदी की वृध्दि को आज कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई। पिछले वर्ष यह दस फीसदी थी। यह उपाय मप्र में राजस्व बढाने के लिये किया गया है। इसके अलावा मप्र के तमाम धार्मिक व शैक्षणिण संस्थानों से कम से कम एक किमी की दूरी पर ही शराब की दुकान स्थापित करने के नियम को भी मंजूरी दी गई। यह प्रावधान अप्रैल से लागू होंगे। इसके अलावा कैबिनेट ने विवि संशोधन विधेयक को मंजूरी दी,इसके तहत अब विवि में कुलपति शब्द को हटाकर कुलगुरू शब्द स्थापित होगा,यानि कुलपति अब कुलगुरू कहलाएंगे। वहीं किसानों को जीरो फीसदी ब्याज पर ऋण की योजना को जारी रखने के प्रस्ताव को भी मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी। जिला स्तर पर चाइल्ड हेल्पलाइन का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया।


### मोदी के दौरे की फिक्र, कैबिनेट में पूर्ववर्ती का जिक्र!

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 फरवरी को झाबुआ दौरे के संबंध में जानकारी दी। खास बात यह भी रही कि उन्होंने अपने पूर्ववर्ती शिवराज चौहान की सरकार का भी जिक्र किया। ज्ञात हो कि कल ही यादव ने दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। उन्होंने आज कैबिनेट में कहा कि हमारी और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज चौहान की सरकार ने मप्र के जनजातीय क्षेत्रों में विकास और जन कल्याण के जो कार्य किए हैं, उन्हें आजादी के अमृत काल में वृहत्तर स्वरूप में आरंभ करने का संकल्प लेने के लिए झाबुआ में भव्य आयोजन होगा। यादव ने कहा कि विधानसभा में लेखानुदान भी आने वाला है , जिसके माध्यम से हम भविष्य का रोड मैप तय करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री द्वारा विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में आयुर्वेदिक- होम्योपैथी - नेचुरोपैथी चिकित्सा सुविधा के विस्तार के संबंध में जो दिशा निर्देश दिए गए हैं उनके अनुरूप आयुष विभाग के माध्यम से योजना क्रियान्वित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मप्र की 16वीं विधानसभा का पहला बजट सत्र कल से आरंभ हो रहा है। इससे पहले आज मुख्यमंत्री ने इस पर कैबिनेट संग विचार किया। बैठक में मुख्यत- सरकार द्वारा बजट सत्र में पेश किए जाने वाले लेखानुदान के प्रारूप पर चर्चा हुई। इसके साथ ही वर्ष 2023-24 के लिए रखे जाने वाले द्वितीय अनुपूरक अनुमान भी चर्चा हीई जो विधानसभा में रखा जा रहा है। लेखानुदान प्रारूप में अप्रैल से जुलाई तक विभिन्न योजनाओं के लिए वित्तीय प्रावधान किये जा रहे हैं। यह एक लाख करोड़ रुपये तक हो सकते हैं।

## कांग्रेस ने छह लोकसभा सीटों पर सही उम्मीदवारों के नाम तलाशे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र कांग्रेस के कामकाज में हाल के दिनों में कुछ तेजी नजर आने लगी है। आज मप्र के प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह भोपाल समेत छह लोकसभा सीटों के संबंध में समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इसमें भोपाल,विदिशा,होशंगाबाद,राजगढ आदि सीटों पर हालात और उम्मीदवारों की संभावना पर चर्चा की जा रही है। इससे पहले वे दौरा करके मुरैना व उज्जैन संभाग की सीटों पर भी चर्चा कर चुके हैं। माना जा रहा है कि आज भोपाल समेत आसपास की छह सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर प्रारंभिक चर्चा हुई है लेकिन यह आगामी दिनों में टिकट तय करने में काफी निर्णायक भी हो सकती है। बताया जाता है कि भोपाल में उम्मीदवार के बारे में पिछले प्रत्याशी रहे दिग्विजय सिंह की राय काफी अहम हो सकती है। वहीं सुरेश पचौरी खेमा भी इस मामले में महत्वपूर्ण रहेगा। शिवराज के क्षेत्र विदिशा में भी पार्टी के पास तीन नाम हैं।



### भोपाल की उजड़ी बगिया में नए माली की तलाश तेज

*जानकार सूत्रों की मानें तो भोपाल में एक दर्जन उम्मीदवारों के बीच भी कांग्रेस प्रयोग करने की गुंजाइश बना रही है। यहां पीसी शर्मा, मनोज शुक्ला, रवि सक्सेना, श्यामसुंदर श्रीवास्तव, मोनू सक्सेना समेत आधा दर्जन नाम सामने आये हैं। इनके अलावा पूर्व नौकरशाह जीपी माली भी उम्मीदवारों की दौड़ में खामोशी से शामिल हैं। भोपाल सीट कांग्रेस की वह उजड़ी बगिया है, जहां पैंतीस साल से कांग्रेस जीत नहीं सकी है।*

### दिग्गजों की अजब इंकार व हुंकार

कांग्रेस में कई दिग्गज चुनाव लड़ने से इस बार बच रहे हैं। पिछले दिनों स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक और जिलों में नेताओं के दौरे में यह बात उभर रही है। सूत्रो का कहना है कि अरूण यादव ने खंडवा से चुनाव लड़ने से अब तक साफ इंकार कर रखा है, यह बात स्क्रीनिंग अध्यक्ष को बताई जा चुकी है, अजय सिंह भी सतना से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। दिग्विजय मना करते आ रहे हैं,अलबत्ता उनके विधायक पुत्र जयवर्धन को गुना या राजगढ से आजमाये जाने की चर्चा भी है। वहीं कमलनाथ हाइकमान की मर्जी पर अपना मामला छोड चुके हैं लेकिन आश्चर्यजनक यह है कि उनके बेटे नकुलनाथ ने अपनी उम्मीदवारी घोषित कर दी है। उन्होंने कल ही कहा है कि वे ही छिंदवाड़ा से लडेंगे, आज नकुल के बारे में यह बात कमलनाथ ने भी कही है। हालांकि अंतिम फैसला पार्टी व सीईसी को करना है।

## आप नेताओं के ठिकानों पर ईडी की रेड

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने नया एक्शन शुरू किया और करीब बारह स्थानों पर ईडी ने छापे मारे हैं।इनमें पार्टी के कई बड़े नेताओं के ठिकानें भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार और राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता के घर पर ईडी छापेमारी कर रही है। दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार मामले में ईडी ने यह एक्शन लिया है। बताया जाता है कि दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार के अलावा कुछ अन्य नेताओं के ठिकानों पर भी ईडी की रेड चल रही है। केंद्रीय एजेंसी दिल्ली जल बोर्ड की टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं की जांच कर रही है। सीबीआई की एफआईआर में आरोप है कि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने इलेक्ट्रोमैग्नेटिक मीटरों की आपूर्ति, उन्हें लगाने, टेस्टिंग और कमीशनिंग के लिए टेडंर देते समय एक कंपनी को लाभ पहुंचाया।



### एक रुपया भी नहीं मिला, भड़की आप

प्रवर्तन निदेशालय के समन को लेकर आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आज सुबह तत्काल प्रेस कॉन्फ्रेंस ली व कहा कि हमें चुप कराने के लिए छापेमारी हो रही है। अभी तक छापेमारी में एक रुपया भी नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि आप के कोषाध्यक्ष और सांसद एनडी गुप्ता, अरविंद केजरीवाल के पीए और अन्य के आवास पर छापेमारी चल रही है। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से हमारी आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है।

## हर कोई नीतीश या एकनाथ नहीं सामना ने की सोरेन की तारीफ

**मुबंई , एजेंसी।**

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद से झारखंड में सियासी बवाल जारी है। इस बीच, सामना के संपादकीय में कहा गया है कि 'आज के राजनीतिक माहौल में हर कोई नीतीश कुमार, अजित पवार या एकनाथ शिंदे नहीं होते। कुछ स्वाभिमानी हेमंत सोरेन भी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को इसका एहसास हो गया होगा।' संपादकीय में कहा गया, मात्र सात एकड़ जमीन के सौदे में मोदी-शाह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के माध्यम से राजभवन में ही गिरफ्तार करवा दिया। भाजपा को उम्मीद थी कि सोरेन की पार्टी के विधायकों में फूट पड़ जाएगी, ईडी के दबाव में विधायक दल बदलेंगे और भाजपा के मंसूबे पूरे होंगे। सामना ने लिखा कि महाराष्ट्र के 40+40 घाती विधायकों को इन आदिवासी विधायकों का चरणामृत प्राशन करना चाहिए। क्योंकि सोरेन के गठबंधन के विधायकों ने अपना ईमान नहीं बेचा और मोदी-शाह की भ्रष्ट राजनीति को झारखंड की आदिवासी जमीन पर फलने नहीं दिया।



मेट्रो एंकर

सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर हुए,अमेरिका से लौट रहा बेटा

## ताजपोशी के डेढ़ साल बाद किंग पर नई आफत

**लंदन, एजेंसी।**

ब्रिटेन में 73 साल की उम्र तक राजा बनने का इंतजार करने के बाद ताज पहन सके किंग चार्ल्स अब 75 साल की उम्र में कैंसर पीड़ित हो गये हैं।उन्होंने खुद को पैलेस तक सीमित कर लिया है। बकिंघम पैलेस की ओर से बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। सितंबर 2022 में महारानी एलिजाबेथ के निधन के बाद उनकी ताजपोशी की गई थी। पैलेस ने कहा है कि किंग चार्ल्स एक प्रकार के कैंसर से पीड़ति हैं। प्रोस्टेट ग्रंथि की जांच के दौरान उनके कैंसर से पीड़ति होने का पता चला है। चार्ल्स इलाज के प्रति पूरी तरह से सकारात्मक हैं और जल्द से जल्द अपनी सार्वजनिक जिम्मेदारियों की तरफ लौटेंगे।

हालांकि चार्ल्स को किस स्टेज का कैंसर है और शरीर के किस हिस्से में है, इस बारे में पैलेस की ओर से नहीं बताया गया है। बयान में कहा गया कि नियमित इलाज के दौरान किंग चार्ल्स में कैंसर का पता चला. इसकी वजह से डॉक्टर्स ने किंग चार्ल्स से किसी भी तरह के सार्वजनिक कामकाज से दूर रहने की हिदायत दी है। इस दौरान वह राजकीय कामकाज करते रहेंगे। किंग चार्ल्स ने इस बीमारी के बारे में अपने दोनों बेटों प्रिंस हैरी और प्रिंस विलियम को खुद बताया है। प्रिंस ऑफ वेल्स विलियम लगातार अपने पिता के संपर्क में हैं। बता दें कि ड्यूक ऑफ ससेक्स प्रिंस हैरी अमेरिका में रहते हैं, हैरी ने पिता से बात की है और खबर है कि आने वाले दिनों में वो पिता से मिलने ब्रिटेन आएंगे। पैलेस ने बताया है कि किंग चार्ल्स का इलाज आउटपेशेंट की तरह होगा यानी वो अस्पताल में भर्ती होकर इलाज नहीं करवाएंगे।



### राष्ट्र प्रमुखों ने कहा जल्द लौटेंगे...

*किंग चार्ल्स के कैंसर से पीड़ित होने की खबर पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि मुझे कोई संदेह नहीं है कि वह जल्द ही पूरी ताकत से लौटेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पोस्ट लिखी और किंग चार्ल्स के जल्दी ठीक होने की दुआएं कीं, इडेन के बेटे की 46 साल की उम्र में ब्रेन कैंसर से मौत हो गई थी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी किंग चार्ल्स के जल्दी स्वस्थ होने की कामना की है. उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह से ब्रिटिश लोगों के साथ हैं।*

## मौसम ने ली करवट, छाया घना कोहरा



भोपाल। राजधानी में मौसम ने एक बार फिर करवट ली। आज सुबह भोपाल में घना कोहरा छाया रहा, जिसके कारण हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। सुबह से ही कोहरे की घनी चादर बिछी नजर आई।

### माशिमं: परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश पत्र के क्यूआर कोड की भी हुई स्कैनिंग, बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

# 12वीं के छात्रों ने दिया हिंदी का पहला पेपर, जैकेट, टोपी और जूते उतरवाकर हुई जांच

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं शुरू हो गई है। मंगलवार को कक्षा बारहवीं की पहला पेपर हिंदी का हुआ। परीक्षा का समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक रहा। विद्यार्थी पेपर शुरू होने के 1 घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे। जिसके बाद कड़ी जांच के बाद विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षार्थी जैकेट, टोपी और जूते उतरवाकर जांच की गई। सभी के प्रवेश पत्र पर दिया गया क्यूआर कोड की भी स्कैनिंग की गई। इस परीक्षा में प्रदेशभर में करीब 7 लाख 48 हजार 238 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं, जिसमें 3,61,360 छात्राएं और 3,86,878 छात्र हैं। भोपाल जिले में करीब 106 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।





### प्रदेश भर में 3,638 परीक्षा केंद्र

**बता दें कि इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 3,638 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 302 संवेदनशील और 309 अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र हैं। भोपाल के 103 सेंटर्स में से 10 अतिसंवेदनशील और 6 संवेदनशील हैं। हर केंद्र का निरीक्षण उड़नदस्तों की टीम निरीक्षण कर रही है।**

### अफवाह के चलते बढ़ाई सख्ती



सोमवार को प्रश्नपत्र बहुप्रसारित होने की झूठी अफवाह के बाद मंगलवार को परीक्षा केंद्रों पर काफी सख्ती बरती गई। परीक्षा शुरू होने के बाद सभी के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर 8.40 के बाद किसी को भी प्रवेश नहीं दिया गया। केंद्र के बाहर पुलिस बल की भी तैनाती नजर आई।

### भोपाल से रामगंजमंडी के बीच नई रेल लाइन के लिए 650 करोड़ मिले

# 342 किमी लंबी इंदौर और जबलपुर नई रेल लाइन के लिए मिले 1080 करोड़




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इंदौर से जबलपुर के बीच बिछाई जाने वाली नई रेल लाइन के लिए बजट में 1080 करोड़ रुपये मिले है। इस राशि से उक्त प्रस्तावित नई रेल लाइन को गति मिलेगी। जब लाइन बनकर तैयार हो जाएगी तो लाखों रेल यात्रियों को इंदौर से जबलपुर के बीच यात्रा करने में आसानी होगी। अभी इन्हें चक्कर लगाकर एक से दूसरे शहरों तक पहुंचना पड़ता है। नई रेल लाइन इस फेर को कम कर देगी। यह रेल लाइन पूर्व से ही प्रस्तावित है लेकिन उक्त रेल लाइन के लिए बजट नहीं मिल रहा था। वहीं भोपाल से रामगंजमंडी के बीच 262 किमी बिछाई जा रही नई रेल लाइन के लिए 650 करो? रुपये मिले है। इस दोनों राज्यों को जोड़ने वाली इस रेल लाइन का काम तेज गति से चल रहा है और काफी प्रगति आई है। पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव के मुताबिक पश्चिम मध्य रेल को बजट 2024-25 में 9398 करोड़ रुपये मिले है, जो पिछले वर्ष 2023-24 में मिले 8811 करोड़ से 587 करोड़ अधिक है।

### बजट में इस तरह मिली पश्चिम मध्य रेलवे को राशि

- नई लाइनें- 2530 करोड़।
- दोहरीकरण/तिहरीकरण- 1400 करोड़।
- ट्रैफिक फेसीलिटिस-यार्ड रिमॉडलिंग - 108 करोड़।
- रोड सेफ्टी वर्क (लेवल क्रोसिंग) - 15 करोड़।
- रोड सेफ्टी वर्क (आरयूबी/आरओबी) - 717 करोड़।
- ट्रैक रिन्यूवल - 860 करोड़।
- ब्रिजों वर्क/टनल वर्क - 121 करोड़।
- सिगनल एंड टेलीकम्युनिकेशन - 234 करोड़।
- इलेक्ट्रिकल वर्क टीआरडी - 108 करोड़
- यात्री सुविधाएँ - 413 करोड़।
- ललितपुर - सिंगरौली (541किमी) नई रेललाइन के लिए - 800 करोड़।
- बुदनी-बरखेड़ा तीसरी लाइन- 400 करोड़।
- कटनी-सिंगरौली (261किमी) दोहरीकरण के लिए - 250 करोड़।
- बीना-कटनी (278 किमी) तीसरी लाइन - 300 करोड़।
- कटनी ग्रेड सेपरेटर वायडक्ट (21.5 किमी) 350 करोड़।
- मदनमहल एवं हाऊबाग स्टेशनों के कोचिंग टर्मिनल के लिए - 15 करोड़।
- स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज/हाई लेवल प्लेटफार्म कार्य के लिए - 62 करोड़।
- स्टेशनों पर उन्नयन कार्य के लिए - 228 करोड़।
- माल गोदामों के उन्नयन/आधुनिकीकरण कार्य के लिए - 66 करोड़।

## नवोदय विद्यालय की छात्राओं ने तैयार किए ड्रोन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान भोपाल में विज्ञान ज्योति के अंतर्गत चार दिवसीय बूट कैंप आयोजित किया गया। इसमें जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबड़ की छात्राओं द्वारा अलग-अलग चार टीमों ने चार ड्रोन बनाए। इस कैंप में यशराज सुनहरे और उनकी टीम के मार्गदर्शन में रातीबड़ जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्राओं ने न केवल ड्रोन बनाना सीखा, बल्कि इसके विभिन्न प्रयोगों पर भी चर्चा की। इस बूट कैंप में शारदा विहार के आवासीय विद्यालय की टीमों ने भी हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय रातीबड़ के कक्षा दसवीं की छात्राओं को ड्रोन मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।

### संतनगर में भोले के दरबार के अनुयायियों का सम्मान

## सच्ची भक्ति नहीं है आसान: मुकेशजी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भोले के दरबार के प्रमुख एवं शिव महापुराण कथा वाचक मुकेशजी महाराज को राधे कृष्ण मंदिर संत नरेश परदासानी ने प्रवचन के लिए आमंत्रित किया। मुकेशजी के साथ में भोले के दरबार के सभी सेवादारियों का सम्मान किया गया। मुकेशजी महाराज ने कहा कि ईश्वर सदैव भक्ति के वश में होते हैं और जहां भक्ति होती है वहां ईश्वर सदा विराजमान होते हैं इस कलयुग मैं भक्ति ही भगवान को प्राप्त करने का सरल और सहज



मार्ग है लेकिन सच्ची भक्ति प्राप्त करना कठिन है क्योंकि मां अपने वश में नहीं होता और इस चंचल मन को केवल अभ्यास के द्वारा ही जीता जा सकता है इसीलिए निरंतर परमात्मा की भक्ति का अभ्यास करते रहना चाहिए साथ ही भगवान की नवधा भक्ति में से भगवान से प्रेम करने की भक्ति सबसे श्रेष्ठ है भगवान से की गई प्रेम भक्ति भगवान से ही मिला देती है इसीलिए निष्काम भाव से भगवान की प्रेम भक्ति करनी चाहिए जो केवल निरंतर अभ्यास के द्वारा ही प्राप्त हो पाती है संत नरेश ने मुकेश जी महाराज का आभार माना। भगवान श्री कृष्ण के संकीर्तन के साथ सत्संग की समाप्ति हुई इस अवसर पर हीरो हिंदू, प्रभु मूलचंदानी, माधव घनश्यानी, प्रवीण होतवानी, प्रकाश विधानी, नरेंद्र टहल्याणी, जीतू रंगवानी, अशोक तनवानी व अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सीएम राइज स्कूल

## परिवहन व्यवस्था के लिए जारी हुए टेंडर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग ने सीएम राइज स्कूल की परिवहन व्यवस्था को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। विभाग ने एजेंसी नियुक्त करने के लिए निविदा जारी की है। निविदा की विस्तृत जानकारी एमपी टेन्डर्स की साइट पर देखी जा सकती है। निविदा 22 फरवरी, 2024 को शाम 5:30 बजे तक ऑनलाइन जमा कराई जा सकती है।

**मेट्रो एंकर** | सेवासदन में ९९वें नि:शुल्क शिविर के लिये फोन पर 378 रोगियों द्वारा पंजीयन

# यूरोलॉजी के साथ ही नाक, कान, गला, रोगों का भी निशुल्क इलाज और ऑपरेशन होंगे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संतनगर में 14 फरवरी 2024 से लगने वाले 99वें यूलॉजी शिविर के साथ ही अब नाक, कान, गला रोगों का भी निःशुल्क उपचार और ऑपरेशन किए जाएंगे ।

शिविर में नाक, कान, गला रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देने के लिये आने वाले हैं, जो थायराइड, कर्णफूल, और गर्दन के पिंड जैसी बीमारियों की भी जांच और उपचार करेंगे। इनके अलावा शिविर में आने वाले जनरल सर्जन्स द्वारा गाल ब्लेडर और हर्निया रोगों के ऑपरेशन किए जायेंगे ।

पेशाब में रूकावट से संबंधित बीमारियों जैसे - पेशाब की थैली, किडनी और मूत्र नली में पथरी, प्रोस्टेट बढ़ने, हाइड्रोसिल और सर्कमसीशन के ऑपरेशन किये जायेंगे ।



पूर्ववर्ती वर्षो में लगे शिविरों में नाक, कान, गला विषेषज्ञ डॉक्टर्स आते रहे हैं । उन्होंने ललितपुर के एक कर्णफूल के रोगी कृष्णा कुमार का करीब 3 किलो वजन के कर्णमूल पिंड का ऑपरेषन कर निकाल दिया था ।

शिविर में उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं का लाभ उठाने के लिये रोगी अपने आधार कार्ड की एक फोटोकॉपी तथा परिवार के किसी सदस्य अथवा रिष्तेदार का मोबाइल नम्बर जरूर लेकर आयें । पेशाब की रूकावट तथा नाक, कान, गला रोगों की अन्य बीमारियों से पीड़ित रोगियों ने यदि पहले कभी इलाज करवाया हो तो उसके पुराने पर्चे तथा जांच रिपोर्ट्स शिविर में लेकर आयें । रोगियों का पंजीयन अभी से शुरू हो गया है, अब तक 378 रोगी फोन पर पंजीयन करवा चुके हैं । रोगी, मोबाइल नंबर 6260392547 पर सुबह 10 से संध्या चार बजे तक पंजीन करवा सकते हैं। शिविर में 14 से 16 फरवरी 2024 को डॉक्टरों से परामर्श तथा रोग संबंधी सभी प्रकार की जांचें की जायेगी । ऑपरेशन के लिये चिन्हित रोगियों को 17 और 18 फरवरी को अस्पताल में भर्ती किया जायेगा । जबकि युरोलॉजी और नाक कान गला डॉक्टर 19 से 23 फरवरी 2024 तक रोगियां के ऑपरेशन करेंगे ।

## हेल्थ की पाठशाला में 100 लोगों के सेहत की जांच हुई



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

नारायण सेवा संस्था ने हेल्थ की पाठशाला का आयोजन किया, जिसमें करीब 100 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया । एक आहार को लेकर जागरूक किया गया।

हेल्थ पाठशाला संस्था के न्यू बी 12 स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान भोपाल हेल्थ सेंटर के केके तिवारीए प्रेमलता चंदेलकरए चुन्नीलालए अनजुम आलम व दुर्गेश सिंह ने किया। लंबाईए वजन और आधुनिक मशीनों से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वस्थ जीवन के लिए क्या खानाए कब खाना हैए का प्लान दिया गया।

आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा नारायण सेवा संस्था समाज के हित में काम करती हैए समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद की जाती है। संस्था दादा नारायणदास वासवानी द्वारा शुरू किए गए कार्यों को जारी रखे हुए हैं। सभा के अध्यक्ष शंकर आसूदानी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर रामचंद सबनानी, लता हासानी मोनिका हरचंदानी, खिमया पंजवानीए आसूदो लच्छवानी व अन्य मौजूद रहे।

# 15 फरवरी से शुरू होंगी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं, प्रवेश पत्र जारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। सीबीएसई ने दसवीं-बारहवीं के प्रवेश पत्र पोर्टल पर जारी कर दिए हैं। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा 13 मार्च को समाप्त होगी, जबकि कक्षा 12वीं की परीक्षा 02 अप्रैल को समाप्त होगी। परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक है। संबंधित स्कूल बोर्ड के परीक्षा संगम पोर्टल के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। इसके बाद नियमित और



प्राइवेट विद्यार्थियों को वितरण करेंगे। प्रवेश पत्र पर विद्यार्थियों के रोल नंबर, फोटो, माता-पिता का नाम, परीक्षा केंद्र का नाम, विषयवार कोड, परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग समय की जानकारी होगी। इस बार दसवीं की परीक्षाएं 13 मार्च और बारहवीं परीक्षाएं 2 अप्रैल को खत्म हो जाएंगी। लिहाजा बोर्ड को कॉपियों के मूल्यांकन के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। दसवीं और बारहवीं के नतीजे मई के पहले व दूसरे सप्ताह तक जारी हो सकते हैं।

**यहां होगी परीक्षाएं:** अजमेर, दिल्ली ईस्ट, दिल्ली वेस्ट, प्रयागराज, नोएडा, चंडीगढ़, पंचकुला, देहरादून, पटना, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, भोपाल, पुणे, बेंगलूरू, चेन्नई, विजयवाड़ा, तिरुवनंतपुरम रीजन के अलावा दुबई, शारजाह, नेपाल और अन्य देशों में यह परीक्षाएं होंगी।

# आयोग ने दिए बच्चों को हर हाल में चुनाव प्रचार से दूर रखने के निर्देश




चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले फिर आगाह किया है कि चुनाव संबंधी गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी पर प्रतिबंध है। आयोग ने ने सभी मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस प्रविधान का पालन सुनिश्चित किया जाए। उल्लंघन होने पर कार्रवाई करें। वहीं, राजनीतिक दलों से कहा गया है कि वे बच्चों को किसी भी प्रकार के चुनाव अभियान में शामिल न करें। इसमें रैलियां, नारे लगवाना, पोस्टर या पर्चों का वितरण शामिल है। इस संबंध में आयोग द्वारा दिए गए निर्देश में कहा गया कि राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों को किसी भी तरह से प्रचार गतिविधियों के लिए बच्चों का उपयोग नहीं करना चाहिए। राजनीतिक अभियान में बच्चों को भागीदार न बनाया जाए। वहीं, चुनाव अधिकारियों से कहा गया है कि वे चुनाव संबंधी का गतिविधि के दौरान किसी भी क्षमता में बच्चों को शामिल करने से बचें। बाल श्रम से संबंधित सभी अधिनियम और कानून का पालन सुनिश्चित किया जाए। यदि ऐसा होता है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# आज विधानसभा सत्र की रणनीति व चुनाव तैयारी, कल चंदे पर बात

## कांग्रेस सदन के भीतर व मैदानी मामले में हुई सक्रिय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कल से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में मोहन सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस विधायक दल आज मुद्दे तय करने बैठ रहा है। इसमें प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही होशंगाबाद, भोपाल, राजगढ़, विदिशा, बैतूल और देवास लोकसभा सीटों की समन्वय समिति की बैठक भी होगी।**

बताया जाता है कि कांग्रेस ने कानून व्यवस्था, मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में कदम न बढ़ाने, भर्ती परीक्षाओं के परिणाम घोषित न करने, कर्मचारियों को महंगाई भत्ता न देने सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी की है। कुछ विषयों को ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया जाएगा तो कानून व्यवस्था पर स्थगन प्रस्ताव लाने की भी तैयारी है।

**लोकसभा समितियों की बैठक भी :** विधायक दल के अलावा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लोकसभा समन्वय समितियों की बैठक भी आज हो रही है। इसमें होशंगाबाद, भोपाल, राजगढ़, विदिशा, बैतूल और देवास लोकसभा



क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी और संभावित प्रत्याशियों के नाम पर विचार होगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी पर भी चर्चा होगी।

### कल आएंगे माकन, डोनेशन की समीक्षा

बुधवार को पार्टी के आनलाइन डोनेशन अभियान की समीक्षा होगी। इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अजय माकन आएंगे और प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बताया जाता है कि अब तक प्रदेश में एक करोड़ 43 लाख 98 हजार 454 रुपये का डोनेशन दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस ने सभी वर्तमान एवं पूर्व सांसद, विधायक, प्रदेश, जिला और ब्लाक इकाइयों के पदाधिकारियों के अलावा कार्यकर्ताओं से डोनेशन कराने के लक्ष्य निर्धारित किए हैं, पर अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं।

# 139 मृतकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति मिली, वर्षों से कर रहे थे मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्वास्थ्य विभाग में वर्षों बाद 139 मृतकों के परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति मिली है। ये वर्षों से नियुक्ति की मांग कर रहे थे। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अनुकंपा नियुक्ति में 15 व्यक्तियों को सहायक ग्रेड-3, संगणक के पद पर 4, लैब सहायक के 2, डार्क रूम सहायक के 16, चतुर्थ श्रेणी के 16, कार्यभारित और आकस्मिकता निधि के कंटिंजेंसी के चतुर्थ श्रेणी के 5, एमपीडब्ल्यू के 63 पद पर नियुक्ति दी है। असल में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत इन कर्मचारियों की अलग-अलग कारणों से मृत्यु हो गई थी। तब से इनके परिवार के सदस्य नियुक्ति की मांग कर रहे थे लेकिन किसी ने किसी वजह से अड़ंगे लग जाते थे जब यह बात उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल तक पता चली तो उन्होंने जनवरी 2024 में ली विभिन्न समीक्षा बैठकों में अधिकारियों को तलब करते हुए कहा था कि जिन मृतकों के परिवार के सदस्यों के प्रकरण सही हो और वे पात्रता रखते हो तो उन्हें बिना देरी किए अनुकंपा नियुक्ति दी जाए, इसमें किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारियों को पुराने फाइलें तलब की और नियुक्ति देने संबंधी कार्रवाई पूरी की है।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 10 को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** जवाहर नवोदय विद्यालय, रातीबड़ जिला भोपाल में कक्षा 9वीं -11वीं में प्रवेश के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा - 2024, शनिवार 10 फरवरी 2024 को भोपाल जिले के दो केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध है।

# 20 फरवरी को आयोजित होगा इग्नू का 37वां दीक्षांत समारोह

## क्षेत्रीय केंद्र भोपाल से 1836 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएंगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का 37वां दीक्षांत समारोह 20 फरवरी को आयोजित होगा। इस दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के दिसंबर 2022 एवं जून 2023 की सत्रांत परीक्षा में उत्तीर्ण हुए परीक्षार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य समारोह इग्नू मुख्यालय में आयोजित किया जायेगा तथा साथ ही साथ क्षेत्रीय केन्द्र स्तर पर देश के 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर भी दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जायेगा। इग्नू नई दिल्ली के मुख्य समारोह में भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। डॉ. बिनी टॉम्स, इग्नू क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि क्षेत्रीय केंद्र भोपाल से 1836 विद्यार्थियों को इस दीक्षांत समारोह में उपाधि प्रदान की जाएंगी। जिसमे से 710 विद्यार्थियों को इग्नू के विभिन्न परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों, 467 विभिन्न स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों, 387 डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा ,272 सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने के लिए प्रदान की जाएगी। क्षेत्रीय केंद्र भोपाल के अंतर्गत 65 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया है तथा 3 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन विथ डिस्टिंक्शन के साथ अपने पाठ्यक्रम को पूर्ण किया है। क्षेत्रीय निदेशक ने ये भी बताया की भोपाल के दीक्षांत समारोह में प्रो सुरश कुमार जैन कुलपति बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे एवं विद्यार्थियों को आशीर्वचन देंगे। इग्नू भोपाल का दीक्षांत समारोह अरेरा हिल्स स्थित क्षेत्रीय केंद्र परिसर पर आयोजित किया जाएगा।

### एमए ज्योतिष के 18 अभ्यर्थी

डॉ. अंशुमान उपाध्याय, उप निदेशक ने बताया कि सभी आहार्य अभ्यर्थियों को डिग्री ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उचित दिशा निर्देश प्रदान किए गए एवं दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु उनकी सहमति प्राप्त की जा रही है। इग्नू के नए पाठ्यक्रम एम ए ज्योतिष को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु 18 अभ्यर्थियों को पहली बार क्षेत्रीय केंद्र भोपाल के अंतर्गत उपाधि प्रदान की जा रही हैं। सभी उपाधि धारक को इग्नू की वेबसाइट से उपाधि प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा और जो विद्यार्थी व्यक्तिगत रूप से दीक्षांत समारोह में सम्मिलित नहीं हो पाएंगे, उन्हें उनकी उपाधि स्पीड पोस्ट द्वारा 15 दिनों के अन्दर भेज दी जाएगी।

# नशे में अस्पताल पहुंच रहे पार्किंग व अस्पताल कर्मचारी, स्वास्थ्य आयुक्त को जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के जयप्रकाश अस्पताल में नशे की हालत में पार्किंग व अस्पताल कर्मचारी के ड्यूटी पर पहुंचने के मामले में संज्ञान लेते हुए आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं मप्र, संचालनालय, भोपाल और सीएमएचओ को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि कर्मचारी द्वारा नशे की हालत में कई लोगों से दुर्व्यवहार भी किया जा रहा है। कुछ माह पहले पार्किंग कर्मचारी नें अस्पताल में पदस्थ एक डॉक्टर के साथ मारपीट भी की थी। आयोग ने भोपाल जिले के छोला मंदिर इलाके में बीते शुक्रवार को एक युवती को घर में बंधक बनाकर अश्लील हरकते करने, शंकर नगर में बीते गुरूवार को एक सीमेंट के गोदाम में हादसा होने, एक्सीलेंस कॉलेज में बीते शुक्रवार को कॉलेज आ रही एक छात्रा के साथ स?क पर एक मनचले द्वारा दिनदहा? छे?छा? करने, बालाघाट जिले के जनपद पंचायत कटंगी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भजियापार में गांव के ही दो व्यक्तियों की अलग-अलग कुएं में पानी में तैरती हुई लाश मिलने और रतलाम जिले के सरवन थानाक्षेत्र के एक गांव में 19 वर्षीय मूकबधिर युवती के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जंगल में दुराचार करने के मामले में संज्ञान लिया है।

### झूले से गिरा कर्मचारी, कलेक्टर-पुलिस कमिश्नर से मांगा जवाब

भोपाल शहर के टीटी नगर क्षेत्र में मेले में एक कर्मचारी के झूले से गिरकर घायल होने का मामला सामने आया है। मामले में आयोग ने कलेक्टर एवं पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही एवं घायल के नियोजक (झूला संचालक) द्वारा घायल के ईलाज आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

**मेट्रो एंकर** | **समावेशी शिक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग विषय पर हुआ कार्यक्रम**

# भारत में हर क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का सूत्रपात हो चुका है- प्रो. सीसी त्रिपाठी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में भारत सरकार विदेश मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (इंडियन टेक्निकल इकनोमिक को ऑपरेशन के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग विषय पर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। उद्घाटन सत्र में निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा की भारत वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर की मूल भावना पर विश्वास करते हुए सभी को अपने विकास एवं ग्रोथ में सहभागी बनाना चाहता है। समावेशी शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमे बिना किसी भेदभाव व् अंतर के समाज के प्रत्येक वर्ग के बच्चों को एक स्तर पर लाने के लिए एक साथ शिक्षा प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समता, समानता , पहुंच, समावेशन को प्राथमिकता दी गई है। सामाजिक, आर्थिक या सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना सभी को शैक्षिक अवसरों और संसाधनों तक समान पहुंच प्राप्त है। भारत में हर क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का सूत्रपात हो चुका है।

### 14 देशों के प्रतिभागी हो रहे शामिल

इस कार्यक्रम में बुल्गारिया, लेबनॉन ,इथियोपिया, मोरक्को ,इंडोनेशिया ,बोत्सवाना ,भूटान, ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान, चिली, मॉरीशस, दक्षिण सूडान सहित 14 देशों के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि आर पी द्विवेदी सहित डॉ आशीष देशपांडे, डॉ. पराग दुबे, डॉ. आर के दीक्षित, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. पी के पुरोहित, डॉ. अंजना तिवारी, डॉ. संदीप केदार, डॉ. सुब्रत रॉय एवं अन्य संकाय एवं अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रोली प्रधान हैं।



**सुविचार**

''जीवन में प्रयास सदैव कीजिए,लक्ष्य मिले या अनुभव दोनो ही अमूल्य हैं।''

-अज्ञात

संपादकीय

# सम्मान की परंपरा

*हाल में दो नेताओं को देश के सर्वोच्य सम्मान भारत-रत्न से सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। इनमें बिहार के स्व कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी का नाम है। हालांकि दोनों को करीब सप्ताह भर के अंतर से चुना गया। इन्हें भारत रत्न प्रदान करना राजनीति की उस परंपरा को सम्मानित करना है, जो हर जरूरी मौके पर दलगत सीमाओं से ऊपर उठती रही है, जो विरोधियों का सम्मान करने और उनसे सम्मान पाने की क्षमता से ताकत पाती रही है। इनकी राजनीति में सादगी व परंपरा के साथ ही सिध्दातों के प्रति निष्ठा शामिल हैं। निश्चित रूप से यह एक बड़ा फैसला है और इसके कई पहलू हैं। हालांकि फैसले को लेकर कुछ बातें भी हो रही हैं। फैसला ऐसे समय किया गया है, जब अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ है। अगर रामजन्मभूमि आंदोलन को परवान चढ़ाने का श्रेय किसी एक राजनीतिक नेता को दिया जा सकता है तो वह आडवाणी ही हैं। नब्बे के दशक की शुरुआत में की गई उनकी रथयात्रा ने इस मुद्दे को जितनी मजबूती दी, उतनी शायद ही किसी एक घटना ने दी हो। बावजूद इसके, हाल के दिनों में ऐसी आवाजें उठ रही थीं कि आडवाणी को उतना श्रेय नहीं मिला जितना मिलना चाहिए था। भारत रत्न देने का यह फैसला ऐसी तमाम आलोचनाओं की गुंजाइश समाप्त कर देता है हालांकि आडवानी से कुछ ही दिन पहले मोदी सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। उस फैसले का राजनीति की सभी धाराओं ने समर्थन किया, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं यह बात भी दर्ज हो ही गई कि सरकार ने उस समाजवादी धारा को सम्मानित किया जो वैचारिक तौर पर मौजूदा राष्ट्वादी धारा के खिलाफ मानी जाती है। ऐसे में जाने-अनजाने इस फैसले ने राजनीतिक संतुलन की जरूरत को भी पूरा कर दिया है। हालांकि फैसला बिहार के लोकसभा और कुछ ही महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के गणित से भी जुड रहा है। मगर आडवाणी को भारत रत्न देने के फैसले का बड़ा संदेश है जो इन छोटी-मोटी जरूरतों से काफी आगे जाता है। आडवाणी की राजनीति में भले ही एक तरह की वैचारिक आक्रामकता रही हो और इस वजह से उसके समर्थन और विरोध में तीव्र भावनाएं देखने को मिलती हों, मगर जहां तक उनके व्यक्तिगत आचरण की बात है तो उन्होंने हमेशा शुचिता बनाए रखी और यह बात उनके कट्टर विरोधी भी स्वीकार करते हैं। हवाला घोटाला में नाम आते ही आडवाणी ने न सिर्फ संसद की सदस्यता छोड़ दी बल्कि यह भी कहा कि जब तक बेदाग नहीं साबित हो जाते तब तक न तो चुनाव लड़ेंगे और न ही कोई सार्वजनिक पद स्वीकार करेंगे। उनके राजनीतिक जीवन का एक वह बिंदु जरूर है, जब उनकी अगुआई वाले आंदोलन के दौरान बाबरी मस्जिद को तोड़ा गया। इसे सुप्रीम कोर्ट ने भी अपराध करार दिया लेकिन खास बात यह रही कि उन्होंने कभी उस घटना का समर्थन नहीं किया। वह हमेशा मंदिर आंदोलन की रचनात्मक विशिष्टता को रेखांकित करते हुए उसे देश की गौरवशाली आध्यात्मिक परंपरा से जोड़े रखने पर जोर देते रहे। आडवाणी भारतीय राजनीति में उस पीढी के गिनेचुने नेताओं में हमारे बीच हैं जो राजनीतिक सौहार्द में भी विश्वास रखते हैं। भाजपा में अटलबिहारी वाजपेयी भी इसी परंपरा के वाहक रहे हैं, कांग्रेस समेत अन्य दलों में भी इस तरह के कुछ उदाहरण रहे हैं। किसी व्यक्ति की लंबी यात्रा में कुछ पड़ाव होते हैं जिन पर बात यह बहस हो सकती है लेकिन समग्रता से देखें तो जिन दो व्यक्तियों को इस सम्मान के लिये चुना गया है,वह बेहतर निर्णय है।*

# पूर्ण बजट में उभरेगी आर्थिकी की असली तस्वीर

■ **मधुरेन्द्र सिन्हा**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव के पहले अपना छठा बजट पेश किया जो सही मायनों में वोट ऑन अकाउंट था। दरअसल चुनाव के कारण परंपरागत रूप से कोई भी वित्त मंत्री पूर्ण बजट पेश नहीं करता और वोटरों को ललचाने वाले कदम नहीं उठाता। श्रीमती सीतारमण ने भी ऐसा ही किया। उन्होंने भी इस परंपरा का पालन किया और रेवड़ियां बांटने की कोई कोशिश नहीं की। इसमें उन्होंने अच्छी तरह से अर्थव्यवस्था की स्थिति की व्याख्या की। उन्होंने यह भी बताया किस तरह से सरकार ने राजकोषीय घाटे को मैनेज किया और उसे लक्ष्य से भी नीचे ही रखा। पहले लक्ष्य था कि राजकोषीय घाटा कुल जीडीपी का 5.9 फीसदी हो लेकिन सरकार के प्रयासों और टैक्स देने वालों की उदारता से राजकोषीय घाटा 5.8 फीसदी पर ही रहा। यहां पर उन करोड़ों टैक्स देने वालों का भी योगदान रहा जिनके टैक्स देने से प्रत्यक्ष कर वसूली लक्ष्य से कहीं ज्यादा रही और सरकार को अपना लक्ष्य पाने में मदद मिली।

वित्त मंत्री के भाषण को सुनने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि सरकार इस समय आत्मविश्वास से भरी हुई है और उसे अगली लोकसभा भी दिख रही है। यहां पर यह कहना अनुचित नहीं होगा कि एनडीए सरकार वापसी की ओर देख रही है। अगर ऐसा नहीं होता तो वह इसी बजट में किसी न किसी तरह रेवड़ियां बांटती, टैक्स में छूट देती और कुछ अन्य सुविधाएं देती। लेकिन यहां पर हमने देखा कि वित्त मंत्री ने इन सभी से दूरी बनाए रखी और इस बात का पूरा ख्याल रखा कि वोट ऑन अकाउंट की परंपरा का पालन हो। यह इस बात को इंगित करता है कि वित्त मंत्री ने अपनी पार्टी के बारे में न सोचकर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में सोचा। इस समय जबकि सभी अन्य पार्टियां राज्यों में चुनावों में किस तरह से रेवड़ियां बांट रही थीं और सरकारी खजाने को अपने निजी स्वार्थ के लिए निर्ममता के साथ लुटा रही थीं, श्रीमती निर्मला सीतारमण का यह व्यवहार प्रशंसनीय है। सभी पार्टियों को इसका अनुकरण करना चाहिए, चुनाव जीतने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई से दिये गये टैक्स के पैसों को उड़ाना कहां तक उचित है? बहरहाल वित्त मंत्री ने एक बढ़िया परंपरा रखी है जिसका आगे भी पालन होना चाहिए।अब इस बजट पर चर्चा करने के लिए कुछ खास नहीं है। वित्त मंत्री ने टैक्स संबंधी पुराने अदालती मामलों को खत्म करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। देश में लाखों ऐसे टैक्स देने वाले हैं जो पुराने विवादों में फंसे हुए हैं यानी उनकी टैक्स देनदारी पर विवाद है। ऐसे मामलों को सदा के लिए खत्म करने के लिए वित्त मंत्री ने सरकारी लेनदारी को एक सीमा तक खत्म कर दिया है जिससे वे लोग आगे टैक्स दे सकेंगे। वर्षों से चल रहे ऐसे मामलों से छुटकारा पाकर सरकार ने टैक्स देने वालों को राहत दी है।

एक छोटा सा कदम सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करके उठाया है। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताएं ग्रामीण तथा आदिवासी भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहली सीढ़ी हैं। दूर-दराज के इलाकों तथा वन क्षेत्रों में इनकी उपस्थिति तथा काम के प्रति निष्ठा से ही स्वास्थ्य सेवाएं देना संभव हुआ है। कोविड काल में इन्होंने अपनी जान पर खेलकर टीकाकरण के काम में जो कुछ किया उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। उनके लिए सरकार ने एक अच्छा कदम उठाया है। इससे उन्हें इसी तरह काम करते रहने की प्रेरणा मिलेगी।



अब लोकसभा चुनाव की ओर सभी का ध्यान है। बस कुछ ही दिनों में निर्वाचन आयोग इसकी घोषणा करेगा और फिर राजनीतिक हलचल अपने चरम पर होगी। लेकिन यह सरकार कुछ ऐसा जता रही है मानो वह भविष्य के प्रति निश्चिंत है। यही कारण था कि वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स के यथावत रहने का भी संकेत दे दिया। उन्होंने टैक्स देने वालों को ललचाने की कोई कोशिश भी नहीं की। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इनकम टैक्स की दरें पहले की ही तरह होंगी और उनमें बदलाव या छूट की कोई गुंजाइश नहीं है। लोकसभा चुनाव के सिर पर रहने के बावजूद इतना बड़ा कदम उठाना वाकई प्रशंसा का विषय है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में नई व्यवस्था के तहत सात लाख रुपये तक कमाने वालों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। यह व्यवस्था पिछले साल भी थी। इसका मतलब हुआ कि अगला बजट पेश करने में अगर वह वित्त मंत्री रहीं तो इनकम टैक्स की दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यहां पर एक बात उल्लेखनीय है कि भारत की अर्थव्यवस्था भले ही दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, उसके पास अन्य पैसे वाले देशों की तुलना में टैक्स देने वाले बहुत ही कम हैं। यहां की कुल आबादी का दो प्रतिशत ही टैक्स देती है जिसमें बहुत बड़ी तादाद वेतनभोगियों की है जो इनकम टैक्स के जाल से बच नहीं पाते हैं। अच्छा होगा कि वित्त मंत्री अगले बजट में उन लोगों को टैक्स के जाल में लाने की कोशिश करें जो अच्छा कमा रहे हैं लेकिन टैक्स नहीं दे रहे हैं। यह कठिन कार्य है और इसमें उन कृषि उत्पादकों को भी लाना होगा जो बहुत अच्छी कमाई कर रहे हैं, सरकारी सुविधाओं, सब्सिडी का भी उपभोग करते हैं लेकिन टैक्स देने के नाम पर सरकार को आंख दिखा देते हैं। ऐसे कई और वर्ग हैं जिनकी सरकार को खोज करनी चाहिए और टैक्स का दायरा बढ़ाना चाहिए। इससे टैक्स वसूली बढ़ेगी और सरकार अन्य तरह की कल्याणकारी योजनाएं बना सकेगी तथा उन्हें कार्यान्वित कर सकेगी।

अगला बजट जो जुलाई में आयेगा वह पूर्ण बजट होगा। अभी सरकारी आंकड़े अधूरे हैं और अनुमान से भरे हुए हैं। तब तक तस्वीर साफ हो जायेगी और सरकार के लिए बड़े फैसले लेना आसान होगा। वित्त मंत्री के तरकस में अभी टैक्स छूट के अलावा कई और तीर हैं जिससे जनता में खुशियां आ सकती हैं। वह चाहें तो 50,000 रुपये तक के स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ा सकती हैं, बीमा पर लगे टैक्स में कटौती कर सकती हैं, टैक्स रिटर्न देर से भरने वालों को राहत दे सकती हैं, सीनियर सिटीजन्स के ईपीएफ तथा एनपीएस पर एक सीमा के बाद लगे टैक्स को घटा सकती हैं। इस तरह के कदमों की गुंजाइश है जिसे उठाकर वह लोगों को राहत दे सकती हैं। यह संभव अगले बजट में होगा जिसे पूर्ण बजट कहा जायेगा। उसमें वित्त मंत्री के पास काफी कुछ होगा।

इंतजार कीजिये, लोकसभा चुनाव का और फिर नई सरकार का जो देश की जनता की आर्थिक स्थिति को सुधारने के बड़े कदमों के अलावा कुछ छोटे कदम भी उठायेगी। ऐसे कदमों से भी जनता का उत्साह बढ़ता है और वह टैक्स देने को प्रेरित होती है।

**लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं।**

# शत्रु की भी सराहना करने वाले महान पराक्रमी हनुमान

■ **विजय बुधोलिया**

यदि सामान्य बुद्धि और क्षमता के व्यक्ति को कोई कार्य सौंपा जाता है, तो उसका लक्ष्य मात्र वही काम सम्पन्न करना होता है। वह किसी न किसी प्रकार वह काम सिद्ध कर देता हैं। ऐसा करना उचित और उत्तम भी है, जिससे उसे यश की प्राप्ति होती है। तथापि कोई व्यक्ति अतिरिक्त प्रज्ञा और बल-पौरुष सम्पन्न हो तो वह अन्य आवश्यक दो-तीन काम अधिक भी निपटा देना योग्य समझता है। जैसा कि हमारे हनुमान् जी ने लंका में किया था।

श्रीराम ने असंख्य वानर वीरों के बीच हनुमान् जी को अधिक योग्य समझकर उन्हें सीता जी का पता लगाकर उनकी कुशल-क्षेम का संदेश सीता जी तक पहुँचाने, सीता जी का योग-क्षेम जानकर उन्हें यह विश्वास और भरोसा दिलाने का काम सौंपा था कि श्रीराम उन्हें शीघ्र ही रावण के बंधन से मुक्त कराने के लिए आने वाले हैं। बस वे थोड़ा धीरज रखें। हनुमान् जी ने यह कार्य अपनी लगन और क्षमता से पूरा कर भी दिया था और वे उतना काम करके भी श्रीराम के पास वापस लौट आते तो भी पर्याप्त होता। क्योंकि,यही मुख्य कार्य था। पर हनुमान् जी तो हनुमान् जी ठहरे। उन्होंने सोचा कि जब मैं इतनी दूर आ ही गया हूँ तो शत्रुपक्ष के बल की थाह भी ले लूँ। महाबली रावण से भेंट भी कर लूँ और नगर रचना को भी ठीक से देख-समझ लूँ। क्योंकि, यही बातें युद्ध के समय काम आएँगी।

फिर उन्होंने सोचा कि रावण तक संदेश भेजने का काम कैसे किया जाए कि रावण स्वयं मुझसे मिलने के लिए व्याकुल हो जाए। यह काम आरंभ करने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान उन्हें अशोक वाटिका ही लगी, जहाँ कि उस समय वे खड़े थे। उन्होंने अपना आकार विशाल बना लिया और राक्षसियों को डराना शुरू कर दिया, जिससे वे भाग कर रावण के पास गईं और कहा कि महाराज; कोई विशालकाय वानर वाटिका में घुस आया है और उसने वाटिका तहस-नहस कर दी है। वाटिका के बड़े भाग को उसने उजाड दिया है और केवल उतने ही भाग को सुरक्षित छोड़ा है, जहाँ सीता जी हैं। साथ ही उसने सीता से भेंट कर कुछ बातें भी की हैं, परन्तु सीता इस बारे में कुछ बता नहीं रही हैं। उसने बगीचे के जो सशक्त और सशस्त्र रखवाले थे उन्हें यमलोक पहुँचा दिया है।

यह सुनकर रावण अत्यंत कुपित हो गया। अपने प्रिय प्रमदावन (अशोकवन) के विध्वंस का समाचार जानकर रावण ने अपने ही समान तेजस्वी 'किंकर' नाम के राक्षसों को हनुमान् को पकड़ लाने के लिए भेजा। राजा की आज्ञा पाकर अस्सी हजार वेगवान किंकर हाथों में कूट और मुद्गर लिए उस महल से बाहर निकले। यहाँ हनुमान् जी तो उनकी प्रतीक्षा ही कर रहे थे। प्रमदावन के फाटक पर खड़े हुए उन वानरवीर के पास पहुँच कर वे वेगशाली निशाचर उन पर झपटे। उन शूरवीर राक्षसों से सब ओर से घिर जाने पर महाबली हनुमान् ने फाटक पर रखा हुआ एक भयंकर लोहे का परिघ उठा लिया और उन्होंने उस परिघ से सामने आए हुए सभी राक्षसों का संहार कर डाला। और युद्ध की इच्छा से पुन~ फाटक पर चढ़ गए। यहाँ किंकर वीरों के मारे जाने का समाचार सुनकर उसने प्रहस्त के पुत्र जम्बुमाली को भेजा, जिसकी युद्ध में कोई तुलना नहीं थी। आते ही महातेजस्वी जम्बुमाली ने हनुमान् जी को तीखे बाणों से बींधना शुरू कर दिया। तब क्रोधित हनुमान् जी ने उस पर एक बड़ी चट्टान उस पर फेंकी, जिसे उसने दस बाण मार कर तोड़-फोड़ दिया। तब हनुमान् जी ने उस परिघ को उठा और वेग से घुमा कर जम्बुमाली पर फेंका, जिससे महारथी जम्बुमाली और उसका रथ चूर-चूर हो गया। इधर जम्बुमाली के वध का समाचार सुनकर रावण क्रोध से जल उठा। उसने मंत्री के रणकुशल सात पुत्रों को आज्ञा दी। रावण की आज्ञा पाकर वे सातों महारथी उस राजमहल से निकले, जो अग्नि के समान तेजस्वी थे। उनके साथ बहुत बड़ी सेना भी थी। तब पराक्रमी हनुमान् ने राक्षसों की उस विशाल वाहिनी को भयभीत करने के लिए घोर गर्जना की और उन राक्षसों पर टूट पड़े। थोड़ी ही देर में उन्होंने मंत्री पुत्रों को सेना सहित धराशायी कर दिया। उनका ऐसा विकराल रूप देख कर शेष सेना यहाँ-वहाँ भाग गई। तब रावण ने विरूपाक्ष, यूपाक्ष, दुर्धर, प्रघस और भासकर्ण, इन पाँच सेनापतियों को, जो बड़े वीर, नीतिनिपुण, धैर्यवान और युद्ध में वायु के समान वेगशाली थे, हनुमान् को पकड़ने के लिए आज्ञा दी। उन्होंने भी विशाल सेना साथ में ली। आगे जाने पर उन्होंने देखा कि महाकपि हनुमान् द्वार पर खड़े हुए हैं, जिनकी शक्ति, बल, वेग, बुद्धि, उत्साह, शरीर और भुजाएँ सभी महान् हैं। उन्होंने और उनकी सेना ने भारी पराक्रम दिखाया और हनुमान् जी को घायल भी किया। पर घायल होने पर उनका वेग, शक्ति और आकार और बढ़ गया। तब हनुमान् जी ने उन्हें विशाल वृक्षों को उखाड़ कर मारना, भारी शिलाएँ उन पर फेंक कर कुचलना, पूरे पर्वत को उखाड़ कर राक्षस वीरों को धराशायी करना प्रारम्भ किया, जिससे देखते ही देखते पाँचों सेनापति और उनकी सेना यमद्वार पहुँच गई। हनुमान् जी के द्वारा अपने पाँच सेनापतियों को सेवकों और वाहन सहित मारा गया सुनकर रावण ने अपने सामने बैठे हुए पुत्र अक्षकुमार की ओर देखा, जो युद्ध के लिए उद्धत और उत्कंठित रहने वाला था। रावण जानता था कि अक्षकुमार, मेघनाथ के स्तर का तो नहीं, फिर भी कुछ कम भी न था। वह भी महान पराक्रमी और युद्धकौशल में निपुण था। उसके पास एक रथ था,जो उसने भारी तपस्या से अर्जित किया था। उसमें मन के समान वेग वाले आठ घोड़े जुते हुए थे और देवता या असुर कोई भी उसे नष्ट नहीं कर सकता था। वह रथ बिजली के समान प्रकाशित होता और आकाश में भी चलता था। उस रथ को सभी अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित किया गया था। घोड़े, हाथी और बड़े-बड़े रथों की भयंकर आवाज से पृथ्वी और आकाश को गुंजाता हुआ बड़ी भारी सेना साथ लेकर वाटिका के द्वार पर बैठे हुए शक्तिशाली वीर वानर हनुमान् जी के पास जा पहुँचा। रामचरित मानस में अक्षकुमार के युद्ध कौशल को कोई विशेष महत्व नहीं दिया गया है। उसमें केवल इतना लिखा है-- ÷ पुनि पठयउ तेहिं अक्षकुमारा। चला संग लै सुभट अपारा।। आवत देखि बिटप गहि तर्जा । ताहि निपाति महाधुनि गर्जा।।÷ जबकि वाल्मीकि रामायण के अनुसार ऐसा बिल्कुल नहीं था। बात इतनी सरल भी नहीं थी। अक्षकुमार एक महान पराक्रमी योद्धा था, जिसका रणकौशल देखकर हनुमान् जी स्वयं उसकी सराहना किए बिना नहीं रह सके थे। रणभूमि में अक्षकुमार का पराक्रम बड़ा प्रचण्ड दिखाई देता था। उसके तेज, बल, पराक्रम और बाण सभी बढ़े-चढ़े थे।



अक्षकुमार निशाना साधने, बाण को धनुष पर चढ़ाने और छोड़ने में बड़ा प्रवीण था। उस वीर ने विषधर सर्पों के समान भयंकर तीन बाण हनुमान् जी के मस्तक पर मारे। उन तीनों की चोट हनुमान् जी के माथे पर एक साथ ही लगी। इससे रक्त की धारा बहने लगी। वे उस रक्त से नहा उठे और उनकी आँखें घूमने लगीं। अक्षकुमार के बलपूर्वक छोड़े गए सैकड़ों बाणों से बिद्ध होने पर भी हनुमान् जी ने तुरंत आकाश को विदीर्ण करते हुए से भीषण स्वर में गंभीर गर्जना की। उस युद्धस्थल पर मन के समान वेगवाले वीर हनुमान् जी भयंकर पराक्रम प्रकट करने लगे। वे अक्षकुमार के बाणों को व्यर्थ करते हुए दो बाणों के बीच से हवा की तरह निकल जाते। अक्षकुमार हाथ में धनुष लिए युद्ध के लिए उन्मुख हो अनेक प्रकार के उत्तम बाणों से आकाश को आच्छादित किए देता था। पवनकुमार हनुमान् ने उसे बड़े आदर की दृष्टि से देखा और मन ही मन कुछ सोचने लगे। 'यह महाबली अक्षकुमार बालसूर्य के समान तेजस्वी है और बालक होकर भी बड़ों के समान कर्म कर रहा है। युद्ध सम्बंधी समस्त कर्मों में कुशल होने के कारण अद्भुत शोभा पाने वाले इस वीर को यहाँ मार डालने की मेरी इच्छा नहीं हो रही है।' 'यह महामनस्वी राक्षसकुमार बल और पराक्रम की दृष्टि से महान् है। युद्ध में सावधान और एकाग्रचित्त है और शत्रु के वेग को सहन करने में अत्यंत समर्थ है। अपने कर्म और गुणों की उत्कृष्टता के कारण यह नागों, यक्षों और मुनियों द्वारा प्रशंसित हुआ होगा, इसमें संशय नहीं है। किन्तु, यदि इसकी उपेक्षा की गई तो यह मुझे परास्त किए बिना नहीं रहेगा, क्योंकि संग्राम में इसका पराक्रम बढ़ता जा रहा है। अत~ अब इसे मार डालना ही मुझे सही जान पड़ता है। बढ़ती हुई आग की उपेक्षा करना कदापि उचित नहीं है।' ऐसा विचार कर आकाश में विचरते हुए वीर हनुमान् थप्पड़ों की मार से उन आठों उत्तम और विशाल घोड़ों को यमलोक पहुँचा दिया। उसके बाद हनुमान् जी ने उसके रथ को हाथों से पीट कर चकनाचूर कर दिया, जिससे वह महान रथ आकाश से पृथ्वी पर आ गिरा। उस समय महारथी अक्षकुमार धनुष और तलवार ले अन्तरिक्ष में उड़ने लगा। तब वायु के वेग वाले पराक्रमी हनुमान् ने उस राक्षस के पास पहुँच कर उसके दोनों पैर दृढ़ता से पकड़ लिए और वेग से कई बार घुमा कर बड़े वेग से पृथ्वी पर पटक दिया। तब तो उस राक्षस की देह चकनाचूर हो गई और उसके प्राण पखेरू उड़ गए। अक्षकुमार को पृथ्वी पर पटक कर महाकपि हनुमान् जी ने राक्षसराज रावण के हृदय में बहुत बड़ा भय उत्पन्न कर दिया। उसके मारे जाने पर नक्षत्र-मंड्ल में विचरने वाले महर्षियों, यक्षों, नागों, भूतों तथा इन्द्र सहित देवताओं ने वहाँ एकत्र होकर बड़े विस्मय और विनय के साथ हनुमान् जी के दर्शन किए।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

## आज का इतिहास

- **1831:** बेल्जियम में संविधान लागू हुआ।
- **1845:** ब्रिटिश म्यूजियम में रखा बेशकीमती पोर्टलैंड वास यानी फूलदान एक शराबी विलियम फ्लॉयड की वजह से गिर गया था और उसके 80 टुकड़े हो गए थे।
- **1856:** अवध के नवाब वाजिद अली शाह को ईस्ट इंडिया कंपनी ने गद्दी छोड़ने पर मजबूर किया और पूरे अवध पर कंपनी का कब्जा हो गया।
- **1915:** पहली बार चलती ट्रेन से भेजा गया वायरलेस मैसेज रेलवे स्टेशन को मिला।
- **1939:** लंदन में फिलिस्तीन कांफ्रेस शुरू। पीएम चैंबरलेन ने यहूदियों और अरब प्रतिनिधियों के बीच सुलह सफाई का अनुरोध किया।
- **1940:** ब्रिटेन में रेलवे का राष्ट्रीयकरण हुआ।
- **1959:** फिदेल कास्त्रो ने क्यूबा में नए संविधान की घोषणा की।
- **1962:** राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने क्यूबा पर पूर्ण व्यापारिक प्रतिबंध लगाया।
- **1962:** जर्मनी की एक कोयला खदान में विस्फोट से 298 मजदूरों की मौत हुई।
- **1964:** ब्रिटेन के म्यूजिक बैंड बीटल्स का अमेरिका आगमन। उनके शो को करोड़ों लोगों ने देखा।
- **1969:** अल फतह के नेता यासर अराफात फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) के अध्यक्ष बने।
- **1974:** ग्रेनाडा को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- **1983:** कलकत्ता में इस्टर्न न्यूज एजेंसी की स्थापना हुई।
- **1986:** राजनीतिक अस्थिरता के चलते हैती के राष्ट्रपति ज्यां क्लाउड डुवेलियर अमेरिका की सहायता से भागकर फ्रांस चले गए।
- **1989:** टेनिस की दुनिया के बेताज बादशाह रहे ब्योर्न बोर्ग ने मिलान में आत्महत्या का प्रयास किया।
- **1992:** स्वदेश में ही निर्मित पहली पनडुब्बी 'आईएनएस शाल्की' को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।
- **1999:** जॉर्डन के शाह हुसैन की मौत के कुछ ही घंटे बाद उनके पुत्र अब्दुल्लाह देश के शासक बने।
- **2000:** भारत और अमेरिका के बीच गठित संयुक्त आतंकवाद विरोधी दल की पहली बैठक वॉशिंगटन में शुरू हुई।
- **2001:** इजरायल के प्रधानमंत्री एहुद बराक चुनाव हारे, एरियल शेरोन नए प्रधानमंत्री बने।2005: ब्रिटेन की एलन मैक्आर्थर ने रिकार्ड समय में अपनी नौका से पूरी दुनिया का चक्कर लगाया।

### रबी उपार्जन के संबंध में समस्त एसडीएम, समिति प्रबंधक और समूहों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया

# मानक मापदंडों का पालन नहीं करने पर वेयरहाऊस संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए: कलेक्टर

## उचित मूल्य दुकानों से राशन का सुचारू रूप से वितरण कराएं



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

**जिले में सभी वेयरहाउस में एमडीएम सहित अन्य योजनाओं में प्राप्त आवंटन का समय पर और नियमानुसार उठाव सुनिश्चित करें। पूर्व वर्षों के आवंटन का प्राथमिकता से उठाव किया जाए ताकि आगामी रबी उपार्जन में भंडारण में कोई समस्या उत्पन्न ना हो। यह निर्देश कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला जिला उपार्जन समिति की बैठक में वेयरहाउस प्रबंधक को दिए।**

उन्होंने वेयरहाउस जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि एक माह के अंदर पूर्व के आवंटन का उठाव कराएं। वेयरहाउस संचालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें लिफ्टिंग के लिए पाबंद करें। साथ ही जिले में संचालित समस्त वेयरहाउसों का निरीक्षण भी किया जाए। ऐसे वेयरहाउस जो निर्धारित मानक मापदंडों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उनके खिलाफ रजिस्ट्रेशन रद्द करने, पेनल्टी लगाने सहित गंभीर अनियमिताओं पर एफआईआर भी की जाए। निर्धारित मानक प्रक्रिया का पालन नहीं करने वाले वेयरहाउसों को उपार्जन केंद्र में शामिल भी न करें।

बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने रबी उपार्जन की तैयारीयों के विस्तार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे वेयरहाउस जिनके पास ग्रेडर मशीन है और मानक प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता से उपार्जन केंद्र में शामिल किया जाए। उपार्जन के संबंध में समस्त एसडीएम , समिति प्रबंधक स्वयं सहायता समूह एवं अन्य संबंधितों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाए। ताकि जिले में सुचारू और सफलतापूर्वक उपार्जन संपन्न किया जा सके। उन्होंने नापतोल विभाग के अधिकारियों को धर्मकांटा, तौलकांटो का सत्यापन करने तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधितो की विरुद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने खाद विभाग अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की विभिन्न श्रेणियां में पात्र हितग्राहियों को सुचारू रूप से राशन का वितरण किया जाए। दुकान विहीन पंचायतों में नवीन दुकान खोलने की कार्यवाही शीघ्र कराएं। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों द्वारा दुकानों का सतत निरीक्षण किया जाए। मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना,मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना का जिले में प्रभावी ढंग से किया क्रियान्वयन किया जाए। हितग्राहियों के ई केवाईसी और मोबाइल सीडिंग का कार्य भी शत प्रतिशत पूर्ण कराएं।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा, उप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ, जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती ज्योति जैन,उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा,डीएमओ मार्कफेड देवेंद्र यादव, जिला प्रबंधक वेयरहाउस नगीन नामदेव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

### सामाजिक समरसता एकता राष्ट्रीय मंच की कार्यकारिणी घोषित

## दीक्षित अध्यक्ष बरगले कार्यालय प्रभारी सर्वसम्मति से घोषित

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो





स्थानीय एक मैरिज गार्डन में सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच की नई कार्यकारिणी का गठन संस्था के संरक्षक के एस राजपूत के नेतृत्व में किया गया.इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से वर्तमान अरुण दीक्षित को पुनः अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया. संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर मोहम्मद अकरम खान सहित प्रवक्ता अशोक दिवोलिया उपाध्यक्ष फादर विलियम मसीह डॉक्टर सुरेंद्रजीत सिंह मोहम्मद आदिल फ़ाज़ली ओम प्रकाश मालवी सचिव पद पर ललितमोहन यादव सह सचिव केके शर्मा रमेश सोनी मोहम्मद असलम भारती संगठन मंत्री रामेश्वर पटेल हेमंत शर्मा प्रचार मंत्री ओमप्रकाश तिवारी रमेश गोप्लानी कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी चुने गए.संस्था कार्यालय प्रभारी का दायित्व भागचंद बरगले को सौंपा गया। साथ ही संस्था में 11 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। महिला संगठन कार्य कारिणी में अध्यक्ष पद पर श्रीमती किरण शर्मा उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती सुशीला बरगले सचिव पद पर नाज़नीन शेख एवं संगठन सचिव पद पर जयबाला निगम को दायित्व सौंपा गया। सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को नागरिकों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के संबंध में सोशल मीडिया पर दी जा रही जानकारी पूर्णतः असत्य

विदिशा, दोपहर मेट्रो

मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद के संबंध में सोशल मिडिया पर दी जा रही भ्रामक एवं असत्य जानकारी के संबंध में जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री भरत सिंह राजपूत ने बताया कि शोसल मीडिया पर मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के संबंध में माता-पिता या दोनो में से किसी एक की मृत्यु पर योजना से लाभांवित किये जाने हेतु भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही है, जो कि पूर्णतः असत्य है।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री भरत सिंह राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना अंतर्गत पात्रता की श्रेणी में वे बच्चे सम्मिलित हैं, जो मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी हो एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जिनके माता-पिता दोनो की मृत्यु हो चुकी है, और वे रिश्तेदार अथवा संरक्षक की देखरेख में रह रहे हों।

मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना में आवेदन करने हेतु हितग्राही को अपने क्षेत्र की आंगनबाडी कार्यकर्ता से संपर्क कर क्षेत्रिय परियोजना अधिकारी कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना में जाकर आवेदन पत्र के साथ मलभूत दस्तावेज (माता-पिता दोनों का मृत्यु प्रमाण पत्र, बालक का जन्म प्रमाण पत्र ध् अंकसूची ध् आधार कार्ड, संरक्षक का आधार कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र) संलग्न करना अनिवार्य है, योजना अंतर्गत पात्र पाये गये प्रत्येक बच्चे को 04 हजार रूपये प्रतिमाह की राशि प्रदाय की जाएगी।

## नियम विरुद्ध ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध प्रशासन की कठोर कार्यवाही, 2 डीजे जप्त



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न न हो। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित मापदंडों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए हैं। कलेक्टर सुश्री मीना के निर्देशानुसार रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती सम्पदा गुर्जर के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस, नगर पालिका प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा नर्मदापुरम में तेज आवाज में बज रहे ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। जिसमे पहली कार्यवाही ताज डीजे के विरुद्ध की गई एसपीएम के पास माता पूजन के कार्यक्रम में ताज डीजे द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। डीजे को जब्त कर नियमानुसार कार्यवाही हेतु थाना कोतवाली भिजवाया गया। दूसरी कार्यवाही श्रीकुंज गार्डन के पास की गई, जिसमे विनायक डीजे द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। जिसे जब्त कर नियमनुसार कार्यवाही के लिए कोतवाली थाना भिजवाया गया। कार्यवाही के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती सम्पदा गुर्जर, नायब तहसीलदार नगर श्रीमती सृष्टि डेहरीया, राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका प्रशासन का अमला उपस्थित रहा।

## सीएम हेल्पलाइन आवेदनों का निराकरण करें, लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**विदिशा ।** प्रभारी कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने पर बल दिया है। उन्होंने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने पर ही जिले की रैकिंग में सुधार आएगा। ऐसे प्रकरण जो मांग संबंधी है उन प्रकरणों में कारणो को स्पष्ट रेखांकित करते हुए फोर्सक्लोज की प्रक्रिया अपनाई जाए।

उन्होंने कहा कि राजस्व, ग्रामीण विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग में सर्वाधिक आवेदन लंबित है इन विभागो के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को विशेष पहल कर सीएम हेल्पलाइन संबंधी आवेदनों का अधिक से अधिक संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराने हेतु पूर्वानुसार कार्यवाहियां संपादित की जाएं। लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में जिन विषयों पर कार्यवाहियों संबंधी जानकारियां प्राप्त की गईं उनमें सीएम हेल्पलाइन, पीएम जनमन, बोर्ड परीक्षा, हाईकोर्ट में प्रचलित प्रकरणों में जबाव दावों की स्थिति, लंबित पेंशन प्रकरण एवं अन्य स्वामित्व के भुगतान की स्थिति, विधानसभा प्रश्नों के उत्तर, शासकीय विभागो को भूमि आवंटन के लंबित प्रकरण, भू-अर्जन, टेम एवं हिनोता परियोजना, खाद की उपलब्धता, गेंहू उपार्जन और राजस्व महा अभियान के कार्यों की समीक्षा शामिल हैं।

## बोर्ड परीक्षा के संचालन में लापरवाही पर नियुक्त प्रतिनिधि प्रसाद निलंबित

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

बोर्ड परीक्षा के संचालन में लापरवाही पर सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी केसला काशी प्रसाद को कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी केसला काशी प्रसाद को मण्डल की परीक्षा के लिए शासकीय उमावि कोहदा केसला में थाने से प्रश्न पत्र केन्द्राध्यक्ष के साथ लेकर परीक्षा केन्द्र तक जाने के लिये नियुक्त किया गया था। मण्डल के द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायरसकेण्डरी परीक्षा हेतु गोपनीय सामग्री के परिवहन के समय उपलब्ध कराये गये ऐप पर संबंधित द्वार रजिस्ट्रशन कर लिय गया था, लेकिन संबंधित द्वारा स्वास्थ्य खराब होने की सूचना मात्र आवक शाखा में कार्यालय प्रमुख के माध्यम से नही बल्कि सीधे प्रस्तुत कर उक्त ड्यूटी करने में असमर्थता प्रकट की गई।

जबकि मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग की अधिसूचना के द्वारा मण्डल की परीक्षा से संबंधित समस्त कार्यों के लिये नियुक्त किये गये कर्मी की सेवाओं को अत्यावश्यक सेवा घोषित किया गया हैं । संबंधित द्वारा शासकीय कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता तथा वरिष्ठ कार्यालय के आदेश की अवहेलना का कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 (1) (2) (3) के विपरीत होने से कदाचरण की श्रेणी में आने के कारण संबंधित को म.प्र. सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय कार्यालय जिला पंचायत नर्मदापुरम नियत किया गया है। संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## कन्या महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा गतिविधियों का आयोजन




विदिशा, दोपहर मेट्रो

राजमाता विजय राजा सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, विदिशा में वार्षिक क्रीड़ा एवं स्नेह सम्मेलन अंतर्गत क्रीड़ा गतिविधियां आयोजित की गईं। क्रीड़ा गतिविधियों में बैडमिंटन, कबड्डी, योग, दौड़, तवा फेंक, गोला फेंक एवं स्लो साइकिल हुई जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ जन भागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुमन सोनी तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.नीता पांडे ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्रों को खेल का महत्त्व बताते हुए प्राचीन खेल एवं समकालीन खेलो में युवाओं की भागीदारी का महत्त्व समझाया। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्राओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहभागिता करने हेतु प्रोत्साहित किया।

**मेट्रो एंकर**

### डॉक्टरों ने कैंसर के कारणों व बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी

# विश्व कैंसर दिवस पर मुख, स्तन व सर्वाइकल कैंसर जन जागरूकता एवं जांच शिविर का किया आयोजन




विदिशा, दोपहर मेट्रो

विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष में जिला चिकित्सालय विदिशा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी एवं सिविल सर्जन डॉक्टर शिरीष रघुवंशी के मार्गदर्शन में मुख, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर जन जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी द्वारा कैंसर के कारण और उसके बचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी ने बताया कि मुख का कैंसर विश्व में सर्वाधिक भारत में होता है इसका मुख्य कारण लोगों के द्वारा तंबाकू, खैनी का अत्यधिक सेवन करना है तंबाकू खैनी का सेवन छोडकर इस जानलेवा बीमारी से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में तंबाकू की रोकथाम हेतु अस्पताल परिसर और भवन मे कोई तबाकु सेवन करता पाया जाता है तो उससे तंबाकू लेकर नष्ट किया जाता है और 10 रुपये का अर्थदंड वसूल कर रसीद दी जाती है। इस कार्य मे अस्पताल के सुरक्षा कर्मी द्वारा तंबाकू सेवन के रोकथाम हेतु तंबाकू की जाँच की जाती है और तंबाकू पाए जाने पर उसे नष्ट किया जाता है। इस कार्य से अस्पताल की सफाई गुणवत्ता में बढ़ोतरी हुई है।

डॉक्टर शिरिष रघुवंशी ने बताया कि यदि किसी महिला के स्तन में किसी प्रकार की गांठ या रक्त स्त्राव होता है तो स्तन कैंसर होने की संभावना होती है। यदि किसी महिला के गुप्तांगों से श्वेत पानी या खून निकलता है तो इसकी जांच जिला चिकित्सालय में पदस्थ महिला चिकित्सकों से करायें अस्पताल में मरीजों की सुविधा हेतु सभी प्रकार की जांच निशुल्क की जाती है। इसके अलावा कॉलकोस्कॉपी जांच की भी निशुल्क सुविधा है। अस्पताल में कैंसर की दवाएं निशुल्क प्रदाय की जाती हैं।

जिला चिकित्सालय में आयोजित कैंसर शिविर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. समीर किरार, महिला चिकित्सक डॉ प्रतिभा ओसवाल, एमसीडी नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रदीप गुप्ता, डॉ. गजेंद्र सिंह डॉ. अशोक राजपूत, नर्सिंग ऑफिसर सोनाली मसीह, सोनम पिप्पल आदि मौजूद रहे।



### पुलिस और आबकारी पर गांव-गांव शराब बिकवाने के लगाए आरोप

# विधायक ने मदागन को लिया गोद मोहन सरकार में नहीं चलेगी लापरवाही

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**सोमवार को विधायक उमाकांत शर्मा ने मदागन पहुंचकर गांव को गोद लेते हुए कहा कि इस आदिवासी बाहुल्य गांवों को आदर्श गांव और विकसित गांव बनाने के लिए में संकल्प लेता हूं वहीं ग्रामीणों के द्वारा गांव में अवैध रूप से शराब बिकने की शिकायत की जिस पर विधायक ने मंच से पुलिस और आबकारी मिली भगत से गांव-गांव शराब बनवाने के आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब इन सब इनकी मिली भगत हो पा रहा है तभी तो गांव-गांव अबैध रुप शराब बेचने का काम ठेकेदारों के द्वारा किया जा रहा है।**

## जनता के काम नहीं करने वालों पर कार्रवाई के दिए निर्देश





मोहन सरकार में इस तरह से काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों नहीं चलेंगे इन्होंने अपना रवैया ठीक नहीं किया तो इनको हटाएंगे वहीं उन्होंने ग्रामीणों से भी कहा कि कोई भी नशा ना करें नशा करने से स्वयं का जीवन भी खराब होता है घर परिवार भी बर्बाद हो जाता है इसलिए हमें हमेशा नशे से दूर रहना चाहिए। ग्रामीणों की की महिलाओं ने कहा कि हमारे राशन कार्ड नहीं बन रहा है समग्र आईडी नहीं बन रही राशन नहीं मिल रहा है आधार कार्ड में गड़बड़ी है स्कूल 5वीं तक की है प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सभी को नहीं मिल रहा है। स्कूल को इसको आठवीं तक करवाने की मांग रखी सुविधाओं मिलने की शिकायत पर विधायक तीखे तेवर में कहा कि ऐसे लापरवाह कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए जनपद सीईओ वंदना शर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र कार्रवाई करके पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाएं जो भी कमियां उनको तत्काल ठीक करवाया जाए अन्य विभागों के अधिकारियों को भी ग्रामीणों की सभी समस्याएं दूर करने के निर्देश दिए। गांव को गोद लेते हुए कहा कि में कोशिश करूंगा कि वह गाँव मे परिवर्तित हो जाए यहां तक पहुँचने के लिए ग्रेवल सड़क बन जाए। यह स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा का प्रेमी गाँव है में इसे आज से गोद लेता हूँ ओर इस आदिवासी बाहुल्य मोंगिया समाज के एक एक परिवार की उन्नति के लिए में महीने में एक बार आकर समीक्षा भी करूँगा। इस गांव को अच्छा गांव बनाने का प्रयास भी करूंगा शासन की जितनी भी जनहितैषी योजनाएं हैं उन सब का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिलवाने के लिए भी काम किया जाएगा गांव की उन्नति के लिए हम सब मिलकर काम करेंगे उन्होंने महिलाओं के बीच पहुंचकर उनकी बात सुनी और उनके द्वारा चुनाव में दिए गए भरपूर जन समर्थन पर धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भी स्वयं स्थानीय भाषा,बोली को बढ़ावा देने के साथ समाज मे रहने वाली छोटी छोटी समाजों की प्रगति उन्नति की बात कर रहे हैं। उन्होंने देश की जनता की प्रगति के लिए नौं गारंटी दी है जिसमे शासन की 39 योजनाएं शामिल है।

इनका लाभ प्रत्येक पात्र जरूरतमंद को मिले यही हमारा उद्देश्य है। हमारे क्षेत्र में रहने वाली यह मोंगिया समाज बहुत मेहनती ओर शक्तिशाली समाज है। प्रशासन इनकी छोटी छोटी समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान करवाएं में अब माह में एक बार इनके बीच आकर इनकी व्यक्तिगत समीक्षा करूँगा। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा की सभी विभागों के मैदानी अमले की कार्यशैली में गति और ईमानदारी दिखना चाहिए। यह मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार है गाँव की भोली भाली गरीब जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अगर वंचित रखा गया तो जिम्मेदारी तय करके कार्यवाही होनी चाहिए।

### नशा मुक्ति के साथ बच्चो को शिक्षा का किया आव्हान

आदिवासी परिवारों की महिलाओं और पुरूषों के बीच विधायक उमाकांत शर्मा ने जनचेतना की अलख जागते हुए आव्हान किया कि सभी लोग अपनी समाज को नशा मुक्त समाज बनाएं। नशा शरीर का तो नाश करता ही है यह हमारी पीढ़ी ओर परिवार को भी बर्बाद करता है मेहनत करते हुए अपने बच्चों को शिक्षा दिलाएं, उन्होंने गाँव के पाँचवी क्लास तक के स्कूल को आठवीं तक करवाने की घोषणा के साथ आठवी पास करने वाले छात्रों को सिरोंज के सीएम राइस विद्यालय में प्रवेश लेने का आव्हान किया। सरपंच ने दिया बांध बनाने का प्रस्ताव तो विधायक ने तत्काल बनवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# गुणवत्ता की जांच करने के लिए पहुंचे जनप्रतिनिधि, जिम्मेदार अफसर हुए सक्रिय

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

रविवार के अंक में विकास के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार के साथ खबर का प्रकाशन किया था इसके बाद नगर पालिका के जिम्मेदार सक्रिय हो गए हैं और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखने के लिए पहुंच रहे हैं। सोमवार को भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लेकर ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। क्योंकि वार्ड नंबर 6 में सड़क ठेकेदार के द्वारा सी सी डालने के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा था नर्मदा रेत की जगह चूरी और घटिया सीमेंट से सीसी डालने का काम किया जा रहा था। प्रदेश टुडे की सूचना के बाद नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू और उपयंत्री सड़क निर्माण की गुणवत्ता को जांच पड़ताल करने के लिए पहुंचे और उन्होंने ठेकेदारों को हिदायत देते हुए कहा की गुणवत्ता के साथ ही निर्माणकारी होना चाहिए काम सही नहीं हुआ तो भुगतान भी नहीं किया जाएगा जहां पर पहले चूरी डाल रही थी वहां पर नर्मदा रेत जरूर नजर आने लगी पर सीमेंट अभी भी उच्च कोटि का सड़क ठेकेदारों के द्वारा प्रयोग नहीं किया जा रहा है। इस और भी जिम्मेदारियां को ध्यान देना होगा। वहीं खबर के बाद जिम्मेदारों को शहर में बन रही सी सी सड़कों का जायजा लेने की याद जरूर आ गई है। अव देखना है कि गुणवत्तापूर्ण काम होगा या फिर कुछ दिनों के बाद जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भूल जाएंगे और अधिकांश ठेकेदार फिर से घटिया काम को अंजाम देने लगेंगे।



### चौन सिंह बाबा की बनने लगी मडिया

इसके अलावा केथन नदी में बाढ़ आने पर चौन सिंह बाबा की मडिया क्षतिग्रस्त हो गई थी वहां पर भी नगर पालिका के द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। इसके अलावा शीतला माता मंदिर पर भी बड़े हॉल का निर्माण होना है उसकी जांच करने के लिए भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी पहुंचे निर्माण कार्य के संबंध में ठेकेदार को दिशा निर्देश भी दिए।

## कलेक्टर, एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा



**रायसेन।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा 10वी की बोर्ड परीक्षा 05 फरवरी से प्रारंभ हो गई हैं। जिले में इन परीक्षाओं के आयोजन हेतु परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे तथा पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल द्वारा परीक्षा केंद्र एकीकृत शासकीय आदर्श कन्या विद्यालय रायसेन, शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय रायसेन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरबई सहित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 06 फरवरी से प्रारंभ होगी।

## हिंदी के पेपर में 84 बच्चे रहे अनुपस्थित, सभी के चेहरे पर खुशी

**सिरोंज।** बोर्ड परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का तनाव न रहे उसके लिए पहला पेपर हिंदी का हुआ 11 केद्रो पर 10वीं की परीक्षा संपन्न हुई जिसमें 3082 दर्ज थे परीक्षा में 2998 परीक्षार्थी सम्मिलित हो इस तरह 84 बच्चे अनुपस्थित रहे कहीं कोई नकल प्रकरण नहीं हुआ दूसरी ओर पहला पेपर हिंदी का होने के कारण विद्यार्थियों के चेहरों पर भी परीक्षा को लेकर कोई तनाव देखने को नहीं मिला परीक्षा देने के बाद केंद्र से बाहर आए विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी भी देखने को मिली दूसरी ओर आज 12 वी का भी हिंदी पेपर होगा जिसमें 1903 बच्चे दर्ज जिनके लिए 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई कहीं कोई नागर प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को न्यायाधीश ने सुनाई 11 वर्ष की सजा, 8000 का लगाया अर्थ दंड

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

अपर शास्त्र न्यायाधीश सुरेश मेश्राम ने नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी रामप्रवेश निवासी ग्राम टोरी बागरोद को दोषी सिद्ध होने पर 11 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 8000 रुपया के अर्थ दंड से दंडित किया आरोपी को उप जेल लटेरी भेज दिया। शासकीय लोक अभियोजक मनीष वर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टोरी बागरोद में 5 जनवरी 2020 को रात्रि 11:00 बजे फरियादी बाथरूम करने के लिए उठी थी उसी समय उसके मोहल्ले में रहने वाला रामप्रवेश ने उसको पीछे से आकर पकड़ लिया और जबरदस्ती मवेशी बंधाने वाली जगह पर ले गया और उसके साथ में जबरदस्ती बलात्कार किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक धारा 376,450,506 के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया गया 6 जनवरी 2020 को आरोपी रामप्रवेश निवासी ग्राम टोरी बागरोद को गिरफ्तार कर लिया गया। अपर शास्त्र न्यायाधीश ने आरोपी को धारा 376 में 11 वर्ष के सश्रम करवा एवं 5000 रुपए के अर्थदंड एवं धारा 450 में 5 वर्ष के सश्रम कारावास 2000 की अर्थदंड धारा 506 मे 1 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1000 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में अभियोजन द्वारा 14 गवाहों की गवाही कराई गई थी पीड़िता को मानसिक छाती एवं उसके पुनर्वास के प्रतिकार के रूप में चार लाख रुपए की सिफारिश न्यायालय के न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम द्वारा की गई है। जुर्माना की राशि भी पीड़िता को देने के निर्देश दिए गए हैं।



## श्रीअन्न (मोटा अनाज) हमारी सभ्यता और भोजन का अभिन्न हिस्साः राज्यमंत्री

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

जिले के कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। इसके पूर्व उन्होंने फीता काटकर कृषि विज्ञान प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया और स्टॉलों का भ्रमण किया। इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री श्री रामपाल सिंह, जिला पंचायत की कृषि समिति के सभापति श्री दिग्विजय सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और सभ्यता के जो अंग खोते जा रहे थे, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की कमान संभालने के बाद उन्हें पुर्नस्थापित करने का काम किया है। श्रीअन्न (मिलेट) हमारी सभ्यता का, हमारे भोजन का अभिन्न अंग था। धीरे-धीरे इसकी मात्रा हमारे भोजन में कम होने लगी। लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीअन्न (मिलेट) को बढ़ावा देने की अभिनव पहल की और सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। रायसेन जिले में श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए बहुत अच्छा काम हो रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग बधाई के पात्र हैं। जिले के अनेक किसानों ने उन्नत और जैविक खेती में अपनी अलग पहचान बनाई है।



### कृषि के क्षेत्र में तकनीकी का हो रहा बेहतर उपयोग

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशानुरूप श्रीअन्न (मिलेट) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्हें उन्नत बीज के साथ ही उन्नत कृषि तकनीकी संबंधी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। नागरिकों को भी अपने आहार में मोटे अनाज को शामिल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कृषि के क्षेत्र में तकनीकी का बेहतर उपयोग करने की दिशा में काम किया है। मिट्टी स्वास्थ्य परीक्षण, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी, ड्रोन के माध्यम से खाद का छिड़काव आदि महत्वपूर्ण तकनीक हैं। किसानों को इनका उपयोग करना चाहिए।

**मेट्रो एंकर**

### नपा ने दिए थे गरीबों को भवन बनाकर रहने के लिए दिए थे किराऐं पर

# आईएचएसडीपी के अंतर्गत अलीगंज पहाड़ी पर निर्मित ईडब्लूएस के भवनों पर किराएदारों का कब्जा

## जांच होगी तों कई नामचीन चेहरे होंगे उजाकर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नपा परिषद सिरोंज द्धारा आई एच एस डीपी के अंतर्गत अलीगंज की पहाडी पर निर्मित 48 भवनों का निर्माण किया था जिसकों ई डब्लू एस के तहत भवनों को आंवटित किए थे यह भवन 17.3.2015 को आई एएस चन्द्रमोहन ठाकुर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश यादव नगर पालिका उपाध्यक्ष ज्योति पप्पु साहू नपा सीएमओं सुभाष गुप्ता की उपस्थिती में लाटरी पद्धति अपनाकर भवनों को आवंटित कर ग्रह प्रवेष कराया गया था। वही भवनों का आवंटित तों उन गरीबों को प्रषासन और प्रतिनधियों ने करा दिया था लेकिन उसके बाद से ही जिनको आवंटित भवन हुए थे उन्होने वहां न रहकर दूसरों लोगो को किराए पर देकर किराया वसूल कर रहे है। देखा जाए कि सरकार और प्रषासन ने गरीबों को को आषियनें दिये थे कि वों कही इधर उधर न भटके लेकिन इन्होने जों स्वयं के लिए आवंटित हुए थे उसको किराये पर दे दिया है और किराया वसूल कर रहे है। देखा जाए कि सरकार द्धारा लाखो रूपये खर्च करके गरीबो के लिए स्वयं का मकान बनाकर दिया है लेकिन वों उसे छोडकर दूसरे स्थान पर बस गये है और उसको किराये पर देकर मजा कर रहे है।

### क्या होगी उन लोगो पर कार्यावाही जिन्होने दिये किराये पर क्वाटर

अलीगंज की पहाडी पर बनें क्वाटरों पर जिनको आवंटित हुए थे वों लोग तों दूसरी जगह रह रहे है और दूसरे लोग क्वाटर किराये पर लेकर मजे कर रहे है। अब देखा जाएगा कि नगर पालिका प्रषासन द्धारा उन क्वाटरो के मालिको पर क्या कार्यावाही करती है या यू ही क्वाटर किराए पर चलते रहेगे।

### समय समय पर होती जांच तों नही जाते किराऐं पर क्वाटर

नगर पालिका प्रषासन द्धारा अगर समय समय पर जांच करते रहते और यह देखते कि क्वाटरों में वही लोग निवासरत है या और कोई दूसरा निवासरत है इससे पता चलता रहता कि षासन ने इन्हे आंवटित किए है यह वही लोग इन क्वाटरों में निवासरत है या और कोई तों यह हालत नही बनते और क्वाटर किराये पर नही चलते यह नगर पालिका प्रषासन की लापरवाही है जों लोग इसका सीधा फायदा उठा रहे है।

### एसडीएम ने कहा करेंगे जांच होगी कार्यावाही -

एसडीएम हर्षल चौधरी से इस संबंध मे चर्चा की गई तों उन्होने बताया कि अगर क्वाटरों को किसी ने किराऐं पर दिये है तों मैं स्वयं जाकर इसको देखूंगा और कार्यावाही करूंगा



# सबसे कम गेंदों पर 150 विकेट, 100 साल में बेस्ट औसत

## बुमराह ने बनाए बड़े-बड़े रिकॉर्ड्स




**नईदिल्ली, एजेंसी**

जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन 6 बल्लेबाजों का शिकार किया। स्पिन के लिए मददगार पिच पर बुमराह स्पेशल देखने को मिला। 6 विकेट लेकर बुमराह ने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम टेस्ट के दूसरे दिन कमाल की बॉलिंग की। उन्होंने इंग्लैंड के 6 बल्लेबाजों को आउट किया और उनकी पारी 253 रनों पर सिमेट दी। अपने सटीक यॉर्कर और स्विंग बॉलिंग से बुमराह ने रूट, पोप, स्टोक्स और बेयरस्टो समेत 6 का शिकार किया। इस दौरान उनके टेस्ट में 150 विकेट भी पूरे हो गए। इस स्पेल के दौरान बुमराह ने कई रिकॉर्ड्स भी अपने नाम किए। चलिए हम आपको उनके बारे में ही जानकारी देते हैं। जसप्रीत बुमराह सबसे कम गेंद पर 150 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं। 6781 गेंद पर वह टेस्ट में यहां तक पहुंचे।

### सबसे तेज 150 विकेट लेने वाला पेसर

बुमराह टेस्ट में सबसे कम पारियों में 150 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 64वीं पारी में यह कारनामा किया। महान कपिल देव ने 150 टेस्ट विकेट लेने के लिए 67 पारियां ली थीं। बुमराह ने 45 रन देकर 6 बल्लेबाजों को आउट किया। यह धरेलू मैदान पर उनका बेस्ट जबकि ओवरऑल तीसरा टेस्ट प्रदर्शन है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में उन्होंने 33 जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्सटन में 27 रन देकर 6 विकेट लिए थे। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत 2019 में हुई थी। बुमराह उसमें 100 विकेट पूरे करने वाले एशिया के पहले तेज गेंदबाज हैं। बुमराह से ज्यादा विकेट 8 गेंदबाजों के हैं लेकिन औसत के मामले में इनमें कोई उनसे आगे कोई नहीं है। टेस्ट क्रिकेट में पीछे 100 सालों में 150 से ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में बुमराह का औसत सबसे अच्छा है। उन्होंने 20.28 की औसत से विकेट चटकाए हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के एलन डेविडसन का औसत 20.53 का है।

### आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के टेबल की स्थिति

| टीम | मैच | जीत | हार | ड्रॉ | पेनल्टी | अंक | पीसीटी (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 10 | 6 | 3 | 1 | -10 | 66 | 55 |
| भारत | 6 | 3 | 2 | 1 | -2 | 38 | 52.77 |
| साउथ अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 12 | 50 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 12 | 50 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 12 | 50 |
| पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 1 | 0 | 22 | 36.66 |
| वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | -2 | 16 | 33.33 |
| इंग्लैंड | 7 | 3 | 3 | 1 | 1 | 21 | 25 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## इंग्लैंड पर दूसरे टेस्ट में जीत के साथ भारत ने लगाई बड़ी छलांग, साउथ अफ्रीका को नीचे धकेला

आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र की शुरुआत हो गई है। 9 टीमों के बीच दो साल तक 68 मुकाबले खेले जाएंगे। इस दौरान 27 सीरीज होगी। चक्र के अंत में टॉप-2 पर रहने वाली टीमों के बीच लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत हो गई है। यह टूर्नामेंट का तीसरा चक्र है। पहले को न्यूजीलैंड और दूसरे को ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम किया था। अंत में टॉप-2 पर रहने वाले टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाता है। एशेज 2023 से टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र की शुरुआत हुई है। भारतीय टीम ने टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र की अपनी पहली सीरीज 1-0 से जीती। वहीं पाकिस्तान ने श्रीलंका को अपनी पहली सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया है। अभी वेस्टइंडीज की टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। पहले मैच को ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम कर लिया है।

### टेस्ट चैंपियनशिप में ऐसे मिलते हैं पॉइंट

मैच जीतने पर 12 अंक दिए जाएंगे। मैच टाई होने पर 6, ड्रॉ होने पर 4 और हारने पर कोई अंक नहीं मिलेगा। वहीं पर्सेंटेज ऑफ पॉइंट्स की बात करें तो जीतने पर 100, टाई पर 50, ड्रॉ रहने पर 33.33 और हारने पर कोई पॉइंट्स नहीं मिलेगा। टीमों को पर्सेंटेज ऑफ पॉइंट्स के आधार पर तय किया जाएगा।

### इंग्लैंड का बुरा भी हाल

डब्ल्यूटीसी चक्र में भारत की यह तीसरी जीत है. टीम इंडिया ने इससे पहले, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका को हराया था. इंग्लैंड को हराने के बाद भारत अब छह मैचों में तीन जीत, दो हार और एक ड्रॉ के बाद अंक लेकर पांचवें से दूसरे पायदान पर पहुंच गया है. भारत का जीत प्रतिशत 52.77 का हो गया है. विशाखापत्तनम में मिली हार के बाद इंग्लैंड की टीम आठवें नंबर पर खिसक गई है. इंग्लैंड सात मैचों में तीन जीत, तीन हार और एक ड्रॉ के बाद 21 अंक लेकर आठवें नंबर पर है. डब्ल्यूटीसी का खिताब जीतने वाली मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 10 मैचों में छह जीत, तीन हार और एक ड्रॉ के बाद 66 अंक लेकर पहले नंबर पर कायम है. ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत 55.00 का है. वहीं, साउथ अफ्रीका तीसरे, न्यूजीलैंड चौथे, बांग्लादेश पांचवें, पाकिस्तान छठे और वेस्टइंडीज सातवें नंबर पर है. श्रीलंका सबसे नीचे 9वें नंबर पर है।



## मेट्रो बाजार

## पेटीएम का वॉलेट कारोबार खरीदेगी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज!

**नईदिल्ली, एजेंसी**

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने साफ कर दिया है कि वो पेटीएम वॉलेट के कारोबार को खरीदने के लिए पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्यूनिकेशन्स के साथ बातचीत नहीं कर रही है. जियो फाइनेंस ने पेटीएम के साथ समझौते के लिए चल रही चर्चा की खबरों का खंडन कर दिया है और ऐसी खबरों को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने अटकलें करार दिया है. इससे साफ हो गया है कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड फिलहाल पेटीएम के वॉलेट कारोबार को खरीदने के लिए चर्चा नहीं कर रही है। अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की जेएफएसएल का शेयर कल 14 फीसदी की जोरदार बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था और इसके पीछे यही खबरें मुख्य वजह थीं कि कंपनी पेटीएम के वॉलेट बिजनेस का अधिग्रहण करने जा रही है. हांलाकि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएसएल) ने सोमवार को देर रात ये बिलकुल साफ कर किया कि वह पेटीएम वॉलेट हासिल करने के लिए मुश्किल में फंसी वन 97 कम्युनिकेशंस के साथ बातचीत नहीं कर रही है.




जेएफएसएल ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा, हम स्पष्ट करते हैं कि समाचार अटकलबाजी है और हम इस बारे में कोई बातचीत नहीं कर रहे हैं.। जियो फाइनेंशियल से उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करने के लिए कहा था जिनमें कहा गया था कि ये एनबीएफसी पेटीएम के वॉलेट बिजनेस को हासिल करने के लिए वन 97 के साथ बातचीत कर रही है.भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी कस्टमर अकाउंट, प्रीपेड मोड, वॉलेट और फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद डिपॉजिट या टॉप-अप स्वीकार नहीं करने का आदेश जारी कर दिया था.

## हुंडई आई-20 स्पोर्टज का नया वेरिएंट भारत में लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरियाई कार निर्माता हुंडई मोटर कंपनी ने अपनी आई 20 हैचबैक के नए स्पोर्टज वेरिएंट की कीमतों का खुलासा कर दिया है। यह नया वैकल्पिक वेरिएंट स्पोर्टज ट्रिम पर आधारित है, जिसमें सिंगल और ड्यूल-टोन रंग विकल्पों में मैनुअल गियरबॉक्स के साथ आता है। हुंडई आई 20 के इस नए वेरिएंट में 3 नई सुविधाएं- एक वायरलेस चार्जर, डोर आर्मरेस्ट पर लेदरेट फिनिश और एक इलेक्ट्रिकली एडजेस्टेबल सनरूफ शामिल की गई हैं। हुंडई आई 20 स्पोर्टज वेरिएंट में मौजूदा मॉडल के समान हैलोजन हेडलैंप, 16-इंच ड्यूल-टोन स्टील व्हील्स, बॉडी के रंग के दरवाजों के हैंडल, फ्रंट सीट पर एडजस्टेबल हेड रेस्ट, इंजन स्टार्ट/स्टॉप सिस्टम और मैपलैंप की सुविधा मिलती है। गाड़ी के केबिन में एंड्रॉयड ऑटो और ऐपल कारप्ले को सपोर्ट करने वाला इंफोटेनमेंट पैनल है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई का एलान

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड दौरे पर खेली जाने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है. इसके साथ ही 2024 टी20 वर्ल्ड कप टीम की तस्वीर भी लगभग साफ हो गई है. न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए स्टार ऑलराउंडर मिशेल मार्श को कप्तान बनाया गया है. वहीं टी20 टीम में डेविड वॉर्नर, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस को भी जगह मिली है. इसी महीने ऑस्ट्रेलियाई टीम न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगी. ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 21 फरवरी से तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है. इस सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है. इस टीम के साथ ही 2024 टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया के 15 खिलाड़ियों के नाम भी लगभग साफ हो गए हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए कई बड़े नाम टी20 टीम में वापस आए हैं. पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क लंबे वक्त के बाद टी20 फॉर्मेट खेलते दिखेंगे. हालांकि, इसी साल 1 जून से 2024 टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है।

### अंडर-19 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मुकाबला

## आज फाइनल के टिकट के लिए दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी टीम इंडिया

**बेनोनी, एजेंसी**

अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 अब अपने आखिरी और रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है. मंगलवार को इस वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल मुकाबला भारत और मेजबान दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा. दोनों टीमों के बीच यह जबरदस्त जंग बेनोनी के विलोमूर पार्क में खेला होगा. आज के मैच के बाद यह साफ हो जाएगा कि अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम कौन होगी. सेमीफाइनल मुकाबले के लिए भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों टीमों ने जमकर तैयारियां की है. ऐसे में उम्मीद यही है कि दोनों टीमें इस मैच में अपना पूरा दमखम लगाएंगी. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेमीफाइनल मुकाबले की शुरुआत भारतीय समयानुसार दोपहर 1.30 बजे से होगा. मैच के 30 मिनट पहले यानि 1 बजे टॉस होगा.

अंडर-19 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के मुकाबले को आप स्टार स्पोर्ट्स 1 और स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्ट- पर देख सकते हैं. वहीं इस मैच की लाइव स्ट्रीमिंग डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर भी की जाएगी।




### अब तक अजेय रही है भारतीय टीम

भारतीय टीम अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 में अब तक अजेय रही है. ग्रुप स्टेज से लेकर सुपर-6 तक भारत को कोई भी टीम टूर्नामेंट में हरा नहीं सकी है. भारत ने टूर्नामेंट में 5 मुकाबले जीते हैं. टीम ने सुपर-6 के महत्वपूर्ण मुकाबले में न्यूजीलैंड को 214 रन तो नेपाल को 132 रनों के बड़े अंतर से हराया था. ऐसे में भारतीय टीम पूरे जोश में है. भारत के इस प्रदर्शन को देखते हुए उम्मीद यही लगाई जा रही है कि टीम इंडिया दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी कमाल का प्रदर्शन कर सेमीफाइनल को अपने नाम करेगी।

### मुशीर खान दिलाएंगे फाइनल का टिकट

भारतीय टीम के बल्लेबाज इस वर्ल्ड कप में अब तक कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं. खासतौर पर टीम के स्टार युवा खिलाड़ी मुशीर खान का बल्ला इस टूर्नामेंट में आग उगल रहा है. मुशीर इस टूर्नामेंट में 2 शतक और 1 अर्धशतक की मदद से 5 मैचों में 334 रन जड़ चुके हैं. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी सेमीफाइनल की जंग में मुशीर से सबको काफी उम्मीदे हैं. अगर मुशीर का बल्ला इस मुकाबले में चला तो भारत की जीत लगभग पक्की हो जाएगी. बता दें कि मुशीर के बड़े भाई सरफराज खान है जिन्हें हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम के टेस्ट स्कॉड में जगह मिली थी.

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## उर्मिला का एक थप्पड़ से बर्बाद हो गया करियर! आउटसाइडर होने का भी भुगता खामियाजा


उर्मिला मातोंडकर बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस रही हैं। उन्होंने 90 के दशक में फैंस के दिलों पर राज किया। खूब फिल्में कीं। अलग-अलग किरदार निभाकर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया। लेकिन एक ऐसा वक्त भी आया, जब उनका करियर का ग्राफ गिरने लगा। उर्मिला मातोंडकर। 90 के दशक की खूबसूरत बाला। जिन्होंने कभी रवीना टंडन से काजोल जैसी एक्ट्रेसेस को मात दे दी थी। अपनी दमदार एक्टिंग से सबके दिल पर कब्जा कर लिया था, लेकिन एक गलती और आउटसाइडर होने का खामियाजा भुगतना पड़ा। 'रंगीला' के डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा संग उनका अफेयर, सेट पर बीवी से पड़ा थप्पड़ और दूसरे फिल्ममेकर्स के ऑफर्स ठुकराना, उनके करियर के लिए बुरा साबित हुआ। ऐसा वक्त भी आया, जब उन्हें काम मिलना बंद हो गया। फिर भी हिम्मत बांधें रखी। उन्होंने खुद से 9 साल छोटे बिजनेसमैन, मॉडल और एक्टर मोहसिन अख्तियार मीर से शादी कर सभी को चौंका दिया। 1989 में मलयालम ब्लॉकबस्टर 'चाणक्य' में कमल हासन के अपोजिट डेब्यू किया।

**सबसे ज्यादा फीस पाने वाली एक्ट्रेस:** एक समय था, जब उर्मिला सबसे ज्यादा फीस पाने वाली एक्ट्रेस बन गई थीं, लेकिन एक गलती उनपर भारी पड़ गई। उन्होंने राम गोपाल वर्मा के साथ 'रंगीला' में काम किया। कहते हैं कि आरजीवी को उर्मिला से प्यार हो गया था और वो अपनी हर फिल्म में उन्हें ही साइन करते थे। दोनों ने साथ में 13 फिल्में कीं, जिनमें से कुछ हिट रहीं, कुछ फ्लॉप।

**फिल्मों के ऑफर मिलना बंद:** उधर, राम गोपाल वर्मा के साथ काम करने की वजह से उर्मिला ने बाकी डायरेक्टर्स के ऑफर ठुकरा दिए। फिर ऐसा वक्त आया कि उन्हें फिल्में ऑफर होना बंद हो गई। ये भी कहते हैं कि अफेयर की वजह से राम गोपाल वर्मा की बीवी इतना भन्ना गई थीं कि सेट पर आकर एक्ट्रेस को थप्पड़ जड़ दिया था। धीरे-धीरे उर्मिला गुमनामी की दुनिया में जाने लगीं। उर्मिला ने एक इंटरव्यू में ये खुलासा किया था कि आउट साइडर होने की वजह से मीडिया में उनके बारे में काफी अनाप-शनाप छापा गया। उन्हें इंडस्ट्री से सपोर्ट नहीं मिला।



## अक्षय कुमार ने 'शंभू' गाने से किया सिंगिंग की दुनिया में डेब्यू, लोगों ने कहा- आपने दिन बना दिया



अक्षय कुमार की आवाज में गाया गया गाना 'शंभू' रिलीज हो चुका है। इस गाने में अक्षय भगवान शंकर की अवतार में और रौद्र रूप में तांडव करते दिख रहे हैं। इस वीडियो को देखकर लोग उनके एनर्जी लेवल की जमकर तारीफ कर रहे हैं और वहीं कुछ लोग आलोचना में भी जुटे हैं। अक्षय कुमार शिव भक्त हैं और इसकी झलकियां फिल्म 'ओएमजी 2' में हम देख चुके हैं। अब अक्षय ने अपने नए म्यूजिक वीडियो 'शंभू' में आवाज दी है और अपना सिंगिंग टैलेंट दिखाया है। बड़े पर्दे पर एक्शन और एक्टिंग का जलवा दिखाने वाले अक्षय कुमार अपने फैन्स के लिए नया तोहफा लेकर आए हैं। अपनी शानदार आवाज में उन्होंने ये म्यूजिक वीडियो 'शंभू' रिलीज किया है, जिसे देखकर एक बार लोग अक्षय कुमार के दीवाने हो रहे हैं। अक्षय कुमार इन दिनों कई फिल्मों में व्यस्त चल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने शंभू नाम के म्यूजिक वीडियो में अपनी आवाज दी है। ये वीडियो पूरी तरह भगवान शिव को समर्पित है जैसमें अक्षय शिव वाले अवतार में और शिव भक्त भी देख रहे हैं। गाने में अक्षय महादेव बने दिख रहे हैं और तांडव भी करते नजर आए हैं। इस गाने में एक्टर का तांडव देखकर सोशल मीडिया पर लोग हैरानी भी जता रहे हैं। इस वीडियो को देखकर काफी लोगों को उनकी फिल्म ओएमजी 2 की याद आ रही है।

### सिंगिंग की दुनिया में अक्षय ने मारी एंट्री

अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर अपना ये वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, पेश है हमारा ट्रिब्यूट शंभू, आप सभी अनुभव लें। इस गाने में अक्षय के सिर पर जटा, माथे पर तिलक लगाए, गले में रुद्राक्ष और रौद्र रूप में दिख रहे हैं। जहां काफी लोग वीडियो को देखकर उनके एनर्जी की तारीफ कर रहे हैं वहीं कुछ लोगों ने उनके पुराने बयान की फिर से चर्चा की है। एक ने कहा, ये वही हैं ना जिन्होंने कहा था शिव जी के ऊपर दूध नहीं चढ़ाना चाहिए। अच्छा परिवर्तन है पैसों के लिए हर हर महादेव। एक ने कहा, कौन कहता हैं भारत में 'फोग' चल रहा हैं? यहां तो सिर्फ 'महाकाल' के भक्तों का खौफ चल रहा है। एक ने कहा- सुबह-सुबह सोमवार के दिन आप तो सर दिन बना दिए, हर हर महादेव।

## 'चील सी निगाहें...आग से भी तेज तेवर', 'बेबी जॉन' में दिखा वरुण का खूंखार लुक!



वीडी 18 का टीजर रिलीज हो गया है. इस फिल्म को 2024 की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर बताया जा रहा है. टीजर में वरुण को एक्शन अवतार में देखा जा सकता है. चील सी निगाहें...आग से भी तेज तेवर..., बेबी जॉन के टीजर में दिखा वरुण धवन का खूंखार लुक! वरुण धवन की मोस्ट अवेटेड फिल्म वीडी 18 का टीजर रिलीज हो गया है. टीजर के जरिए मेकर्स ने फिल्म का टाइटल से पर्दा उठा दिया है और साथ ही वरुण के फर्स्ट लुक और रिलीज डेट भी जारी कर दी है. टीजर में वरुण की आंखें, उनके तेवर और एक्शन बता रहे हैं कि ये उनकी अब तक की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है. एटली और सिने वन स्टूडियोज के साथ ए फॉर एप्पल एंड सिने स्टूडियोज प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म वीडी 18 का टाइटल 'बेबी जॉन' है. फिल्म को ए.कलीसवरण ने डायरेक्ट किया है. बेबी जॉन में वरुण धवन के साथ कीर्ति सुरेश लीड किरदार में दिखाई देंगी. फिल्म 31 मई, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी।

### क्या दिखाता है वीडी 18 का टीजर?

'बेबी जॉन' में वरुण धवन और कीर्ति सुरेश के अलावा वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ औप राजपाल यादव भी अहम किरदार अदा करते दिखाई देंगे. 'बेबी जॉन' को 2024 की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर बताया जा रहा है. टीजर में वरुण को एक्शन अवतार में देखा जा सकता है. टीजर में 'बेबी जॉन' बने वरुण के चारों तरफ आग ही आग और हथियार दिखाई दे रहे हैं. वहीं चील और भारत के साउथ राज्यों के डांस की झलकियां भी नजर आ रही है।

### कई बार 'बेबी जॉन' के सेट पर घायल हुए वरुण

काफी समय से वरुण धवन की एक्शन एंटरटेनर फिल्म वीडी 18 को लेकर दर्शकों में एक्साइटमेंट थी जो कि टीजर के रिलीज से और बढ़ गई है. क्योंकि ये एक एक्शन से भरपूर फिल्म बताई जा रही है, शायद इसीलिए वरुण धवन फिल्म की शूटिंग के दौरान कई बार घायल हो गए थे जिसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी।

## मांगों को लेकर प्रदर्शन




भोपाल। 13 महीनों से बेघर 153 बीपीएल परिवार की गैस पीड़ित महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

# पानी फेरने खेत पर पहुंचे किसान की कुएं में डूबने से मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित अर्रावती गांव में कल शाम एक बुजुर्ग किसान की लाश कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। किसान खेत पर पानी फेरने गए थे। इसी दौरान बिना मुंडेर के कुएं में गिर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार 58 साल के दुर्गाप्रसाद गांव अर्रावती, तहसील बैरसिया में रहते थे और खेती किसानी करते थे। कल दोपहर वह अपने खेत पर गेहूं में पानी फेरने गए थे। शाम तक वह घर नहीं लौटे तो परिजन उनकी तलाश करते हुए कुएं पर पहुंचे। इस दौरान कुएं में उनकी लाश पड़ी नजर आई। ग्रामीणों की मदद से परिजन ने लाश बाहर निकाली और पीएम के लिए भेज दी थी।

# मेडिकल कराने पहुंचे पुलिसकर्मियों को चकमा देकर रेप का आरोपी फरार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जय प्रकाश अस्पताल में मेडिकल कराने पहुंचे पुलिसकर्मियों को चकमा देकर बलात्कार का आरोपी फरार हो गए। रात तक उसकी तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। लिहाजा घटना की शिकायत हबीबगंज थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस अभिरक्षा से फरार होने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विष्णु अहिरवार के खिलाफ गत वर्ष टीटी नगर थाने में नाबालिग ने बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस की टीम ने सागर निवासी विष्णु अहिरवार की तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। करीब एक साल बाद पुलिस को आरोपी का सुराग लगा और उसे गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। कल दोपहर टीटी नगर थाने के प्रधान आरक्षक अरुण मिश्रा और आरक्षक पवन धुर्वे उसे मेडिकल कराने के लिए जय प्रकाश अस्पताल ले गए। जय प्रकाश अस्पताल में पुलिसकर्मियों को चकमा देकर आरोपी भाग निकला।




# जहरीला पदार्थ पीने से अधेड़ उम्र के व्यक्ति की मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित परिहार चौराहा चंद्रा स्वीट्स के पास कल दोपहर मां से मिलने पहुंचे अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन के बयान होने के बाद आत्महत्या के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस के अनुसार मनोज दलवानी पिता सरवन दलवानी (52) सुभाष नगर, ऐशबाग में रहता था और दुकान पर नौकरी करताड़था। उसकी मां परिहार चौराहा पर चंद्रा स्वीट्स के पास रहती हैं। कल दोपहर करीब ढाई बजे मनोज मां के घर पहुंचा था। मां के घर पहुंचने के बाद वह बेड पर सो गया। एकाएक उसे उल्टियां होने लगी और मां ने बहू को कॉल कर बताया। बहू घर पहुंची और मनोज को निजी अस्पताल ले गए। वहां शाम करीब साढ़े 5 बजे के आसपास डॉक्टर ने मनोज को मृत घोषित कर दिया।

# डीजीपी से राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के प्रतिनिधियों ने की सौजन्य भेंट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

डीजीपी सुधीर सक्सेना से सोमवार कल सोमवार 5 फरवरी की शाम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर राष्टीय रक्षा महाविद्यालय के प्रतिनिधियों तथा प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। डीजीपी ने मध्यप्रदेश पुलिस की विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों एवं नवाचारों की जानकारी दी। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा विभिन्न कानून व्यवस्था के मुद्दों पर पुलिस महानिदेशक से चर्चा की गई। इस दल में भारतीय सैन्य अधिकारियों के अलावा अन्य देश के सैन्य अधिकारी भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी द्वारा राष्टीय रक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षु अधिकारियों का राष्टीय सुरक्षा एवं सामरिक अध्ययन हेतु प्रदेश का दौरा प्रशिक्षण राज्य में सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण के अध्ययन के लिए चल रहा है। इस अवसर पर स्पेशल डीजी सीआईडी जीपी सिंह, एडीजी एसएएफ साजिद फरीद शापू, एडीजी प्लानिंग विवेक शर्मा, एडीजी इंटेलिजेंस श्री जयदीप प्रसाद, डीजीपी के पीएसओ डॉ. विनीत कपूर, डीआईजी इंटेलिजेंस श्री तरुण नायक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मैनिट चौराहा पर बीती रात हादसा, सिर से पहिया गुजरने से मौके पर मौत

# सड़क पार कर रहे बीस वर्षीय युवक को कंटेनर ने कुचला






**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित मैनिट चौराहा पर बीती रात करीब पौने 12 बजे के आसपास तेज रफ्तार कंटेनर ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कंटेनर का चालक मौके पर कंटेनर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कंटेनर जब्त कर लिया है। पुलिस आरोपी ड्राइवर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।**

एएसआई शेषराम सहारे ने बताया कि अनिल कदम पिता सुभाष कदम (30) कुक्कुट भवन के पास फुटपाथ पर रहता था और मजदूरी करता था। सोमवार रात करीब पौने बारह बजे के आसपास मैनिट चौराहा के पास वह सड़क पार कर रहा था, तभी रातीबड़ की तरफ से आया कंटेनर माता मंदिर की तरफ टर्न हो रहा था। रफ्तार में टर्निंग काटते समय अनिल कंटेनर की चपेट में आ गया। ड्राइवर को हादसे की भनक लगी और कंटेनर रोककर नीचे उतरा तो अनिल कदम की मौत हो चुकी थी। कंटेनर का टायर अनिल के सिर से गुजरने के कारण उसकी मौके ही मौत हो गईड़थी। घटना के समय अनिल का एक रिश्तेदार वहां से अनिल की मां को खाना देकर लौट रहा था। उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर जब्त कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

**देर रात सड़क साफ कराई:** कंटेनर का पहिया सिर से गुजरने के कारण अनिल का भेजा सड़क पर बिखर गया था। काफी सारा खून भी फैला था। पुलिस ने देर रात फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलवाई और सड़क को धुलवाया। पुलिस आज अनिल का शव पीएम के बाद परिजन को सौंपेगी।

# खड़े ट्रक में घुसा सवारी आटो महिला की मौत, ड्राइवर समेत सात घायल

## जेके रोड पर हुआ हादसा, बैतूल से शादी में शामिल होने आए थे बालाजी नगर

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित जेके रोड पर आज तड़के पौने तीन बजे के आसपास तेज रफ्तार सवारी आटो सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर समेत सात लोग घायल हुए है। हादसे के समय आटो में आठ लोग मौजूद थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सरिता मुडौले पति माखन मुडौले (31) आठनेर, जिला बैतूल की रहने वालीड़थी। बालाजी नगर भोपाल में वह शादी में शामिल होने परिवार के साथ भोपाल आईड़थी। सोमवार रात परिवार भोपाल रेलवे स्टेशन पर उतरा और वहां से बालाजी नगर जाने के लिए सवार आटो बुक किया था। सवारी आटो चालक उन्हें प्रभात चौराहा होते हुए जेके रोड पर ले गया। मिनाल पहुंचने से पूर्व ही पीतांबरा मंदिर के पास सड़क पर खड़े ट्रक में आटो पीछे से जा घुसा। हादसे में आटो ड्राइवर समेत आठ लोगों को चोट आईड़थी। सभी को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने आरती को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

**मेट्रो एंकर** — सतना से भोपाल दोस्त से मिलने आया था, दोनों धराए

# पिस्टल साथ लिए घूम रहा था इंजीनियर, पुलिस ने किया गिरफ्तार, मैग्जीन में लोडेड कारतूस भी जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**


पिपलानी पुलिस ने जंबूरी मैदान से कार सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक देशी पिस्टल, मैग्जीन में लोडेड कारतूस व एक चाकू बरामद किया। इनमें से एक आरोपी सतना जिले से भोपाल अपने दोस्त से मिलने आया था। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पांच फरवरी सोमवार को सूचना मिली कि जंबूरी मैदान पानी की टंकी के पास सफेद रंग की ओरा कार में दो संदिग्ध सवार हैं और उनके पास हथियार भी हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर कार में सवार दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। उन्होंने अपने नाम संस्कार सिंह (23) निवासी ग्राम बराज थाना कोलगवां जिला सतना व आदित्य नारायण शर्मा (24) निवासी ग्राम खैरहा, बुरा जिला शहडोल, बताए। आदित्य शर्मा यहां पल्लवी नगर बाग सेवनियां में रह रहा है। तलाशी लेने पर आरोपी संस्कार सिंह के कब्जे से पुलिस ने एक देशी पिस्टल बरामद हुई। पिस्टल की मैग्जीन में एक कारतूस लगा मिला जबकि दूसरे आरोपी आदित्य के पास से एक लंबी धारदार छुरी जब्त हुई। पुलिस ने बताया कि कारतूस के पैंदे पर 7.62 केएफ लिखा पाया गया है।



### भोपाल से की है इंजीनियरिंग

एएसआई अजय सिंह ने बताया कि आरोपी संस्कार सिंह भोपाल से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका है जबकि आरोपी आदित्य शमा भोपाल में मेडिकल कोर्स की पढ़ाई कर रहा है। संस्कार की बहन की शादी आगामी दिनों में है। इसलिए घर में रखी देशी पिस्टल व कारतूस वह अपने साथ लिए घूम रहा था ताकि किसी मेहमान अथवा परिजन की नजर न पड़े। हुंडई औरा कार उसने एक फरवरी को किराए पर ली थी।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022